वर्ष : 34 | अंक : 260 | मुंबई, गुरुवार, 27 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



### जमीन के उपयोग की प्रस्तावित योजना

सरकार मुक्त कराई गई जमीन का उपयोग नागरिकों की बेहतरी के लिए करेगी। इसके तहत:

- खेल के मैदान – युवाओं के लिए
- पुस्तकालय – ज्ञान केंद्र
- जिम/व्यायामशालाएँ – बुजुर्गों व स्वास्थ्य प्रेमियों के लिए
- अध्ययन कक्ष – छात्रों व प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए

# मुंबईकरों को मिलेगी 500 एकड़ जमीन

**एक साल में मुक्त कराएगी फडणवीस सरकार**

**अमित बृज | मुंबई**

मुंबई की सरकारी जमीनों पर तेजी से बढ़ते अवैध कब्जों ने शहर में खुली जगहों की भारी कमी पैदा कर दी है। झोपड़पट्टियों और भू-माफियाओं द्वारा हजारों एकड़ जमीन घेर लेने से नागरिकों के लिए पार्क, मैदान और हरित क्षेत्र लगभग खत्म हो चुके हैं। यह स्थिति एक बड़ी सामाजिक, प्रशासनिक और पर्यावरणीय चुनौती बन चुकी है।

### सरकार की बड़ी घोषणा– 500 एकड़ जमीन मुक्त करने की योजना

मुंबई उपनगर के सह-पालकमंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने घोषणा की कि सरकार अगले एक साल में 500 एकड़ अतिक्रमित सरकारी जमीन को मुक्त कराएगी। इस जमीन को जनता के लिए उपलब्ध कराए जाने की योजना है ताकि शहर में सार्वजनिक स्थानों की कमी को दूर किया जा सके।

### मुंबई में कुल अतिक्रमण का अनुमान

लोढ़ा के अनुसार महाराष्ट्र सरकार की लगभग 27,900 एकड़ जमीन और केंद्र सरकार की 7,000 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। इसके अलावा लगभग 10,000 एकड़ खाली भूखंड (मैंग्रोव, मैदान आदि) भी मौजूद हैं, जिनमें से एक बड़ी हिस्सेदारी अतिक्रमित है। यह स्थिति प्रशासन के लिए बड़ी बाधा बन रही है।

### 2011 के बाद बने अतिक्रमणों पर विशेष कार्रवाई

सरकार सबसे पहले 2011 के बाद बने अतिक्रमणों को हटाने पर ध्यान देगी। मुक्त कराई गई जमीन को चैरिटेबल और सामाजिक संगठनों के माध्यम से नागरिकों के उपयोग में लाया जाएगा। इससे जमीनें सुरक्षित रहेंगी और जनता को लंबे समय से आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी।

### मालाड–मालवणी में सफल शुरुआत

नई पहल के तहत मालाड-मालवणी क्षेत्र में अब तक 9,000 वर्ग मीटर (2.2 एकड़) जमीन को मुक्त कराया जा चुका है। जांच में सामने आया कि 28 आंगनबाड़ी केंद्रों पर अवैध कब्जा कर दुकानें और अनधिकृत व्यवसाय चल रहे थे। कब्जाधारियों पर FIR दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध घुसपैठ और सुरक्षा का खतरा

मंत्री लोढ़ा ने कहा कि अतिक्रमण सिर्फ अवैध कब्जा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन चुका है। मालवणी में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए अवैध रूप से बसे पाए गए। कई ने फर्जी आधार और राशन कार्ड बनवाकर मतदाता सूची में नाम भी दर्ज कराए हैं, जो कानून-व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा है।

### प्रशासनिक कार्रवाई और निगरानी

सरकार ने जिल्हाधिकारी सौरभ कटियार को निर्देश दिए हैं कि मुक्त कराई गई जमीन को तुरंत कानूनी कब्जे में लिया जाए और दोबारा अतिक्रमण न हो इसकी सख्त निगरानी की जाए। संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह बनाया गया है।

---

# सैंड माफियाओं पर महाराष्ट्र सरकार की 'सर्जिकल स्ट्राइक'



**अवैध खनन व परिवहन करने वालों का परमिट रद्द**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में बालू एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए एक कड़ा फैसला लिया है. महसूल मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के निर्देश पर अब अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने वाले वाहनों के परमिट (परवाने) को तत्काल प्रभाव से स्थल पर ही निलंबित या रद्द किया जाएगा. इस संबंध में महसूल विभाग द्वारा आज एक परिपत्रक जारी किया गया है।

### अवैध खनन से राजस्व और पर्यावरण को नुकसान

राज्य में बड़े पैमाने पर हो रही बालू और अन्य खनिजों की चोरी से सरकार के राजस्व और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, इस अवैध धंधे से आपराधिक गतिविधियों में भी वृद्धि हो रही है। कार्रवाई करने वाले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा पर खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने कड़ी नीति अपनाई है।

### तीन चरणों में लागू होगी सख्ती

राज्य परिवहन प्राधिकरण के नए निर्देशों के अनुसार, अवैध खनन और परिवहन करने वाले वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 86 के तहत तीन चरणों में कार्रवाई की जाएगी :

**पहला अपराध :** 30 दिनों के लिए परमिट निलंबित और वाहन जब्त।

**दूसरा अपराध :** 60 दिनों के लिए परमिट निलंबित और वाहन जब्त।

**तीसरा अपराध :** परमिट स्थायी रूप से रद्द और वाहन जब्त, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के माध्यम से आगे की कार्रवाई।

### सभी प्वाहनों पर सख्त नजर

अवैध खनन और परिवहन में प्रयुक्त ड्रिल मशीन, जेसीबी, पोकलैंड, ट्रैक्टर, ट्रैक्टर ट्रॉली, हाफ बॉडी ट्रक, फुल बॉडी ट्रक, डंपर, ट्रॉल, कंप्रेसर, बार्ज, मोटराइज्ड बोट, एक्सकेवेटर, मैकेनाइज्ड लोडर जैसी सभी मशीनों और वाहनों पर भी यह कार्रवाई लागू होगी।

### राजस्व मंत्री का बयान

राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सरकार के राजस्व की चोरी करना गंभीर अपराध है और कुछ लोग जानबूझकर ऐसा प्रयास करते हैं। उन्हें सबक सिखाने के लिए यह कड़ा कदम उठाया गया है। इससे राजस्व विभाग की क्षेत्रीय प्रणाली को अवैध परिवहन की जानकारी तुरंत परिवहन विभाग को देने की आवश्यकता होगी, ताकि मौके पर ही कार्रवाई की जा सके।

---

# महाराष्ट्र और गुजरात को तोहफा

**दो मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स और पुणे मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण के तहत लाइन - 4 सहित 4 ए को मंजूरी**




**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इसके तहत लाइन 4 (खराड़ी-हडपसर-स्वारगेट-खड़कवासला) और लाइन 4ए (नल स्टॉप-वारजे-मानिक बाग) को हरी झंडी मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। परियोजना की अनुमानित लागत 9,858 करोड़ है और इसे अगले पांच वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कुल मिलाकर 31.636 किलोमीटर लंबी और 28 एलिवेटेड स्टेशनों वाली ये लाइनें पुणे के पूर्व, दक्षिण और पश्चिम इलाकों के आईटी हब, कमर्शियल ज़ोन, शिक्षण संस्थान और आवासीय क्लस्टर को जोड़ेंगी। यह परियोजना केंद्र और महाराष्ट्र सरकार द्वारा साझा वित्त पोषण में पूरी की जाएगी।

### सुलभ मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी

वैष्णव ने कहा कि नई लाइनें पुणे के व्यापक गतिशीलता योजना (CMP) का अहम हिस्सा हैं। ये खराड़ी बाईपास और नल स्टॉप (लाइन 2), स्वारगेट (लाइन 1) सहित अन्य ऑपरेशनल और मंज़ूर कॉरिडोर से आसानी से जुड़ जाएंगी। हडपसर रेलवे स्टेशन पर इंटरचेंज की सुविधा भी मिलेगी, जिससे मेट्रो, रेल और बस नेटवर्क के बीच आसान मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

### भीड़भाड़ कम और सुरक्षित यात्रा

लाइन 4 और 4ए खराड़ी आईटी पार्क से खड़कवासला के पर्यटक स्थलों तक, हडपसर के इंडस्ट्रियल हब से वारजे के आवासीय क्लस्टर तक विभिन्न इलाकों को जोड़ेंगी। यह सोलापुर रोड, मगरपट्टा रोड, सिंहगढ़ रोड, कर्वे रोड और मुंबई–बेंगलुरु हाईवे जैसे व्यस्त मार्गों से होकर गुजरेगी। इसके पूरा होने से ट्रैफिक की भीड़ कम होगी, सुरक्षा में सुधार होगा और ग्रीन व सस्टेनेबल मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा।

---

## ब्रीफ न्यूज़

### डॉ. गौरी मौत मामले की निष्पक्ष जांच होगी : मुंडे



**बीड।** महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि उनके निजी सहायक अनंत गर्जे की पत्नी की आत्महत्या की निष्पक्ष जांच की जाएगी और किसी को नहीं बचाया जाएगा। पंकजा मुंडे ने मंगलवार रात बीड में मृतका डॉ. गौरी पाल्वे के परिवार वालों से मुलाकात की। गौरी ने कुछ दिन पहले मुंबई स्थित घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। मामले में उनके पति अनंत गर्जे को गिरफ्तार किया गया है।

### छात्रों को बसों में दिक्कत आने पर डिपो प्रबंधक होंगे जिम्मेदार

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के नए नियम के अनुसार अगर बस सेवाओं में लापरवाही के कारण विद्यार्थियों की कक्षाएं या परीक्षाएं प्रभावित होती हैं तो संबंधित डिपो प्रबंधक और पर्यवेक्षक जिम्मेदार माने जाएंगे। यह जानकारी राज्य के परिवहन मंत्री और एमएसआरटीसी अध्यक्ष प्रताप सरनाइक ने बुधवार को दी।

### अफ़ज़ल खान की कब्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू

**सतारा।** महाराष्ट्र में प्रशासन ने प्रतापगढ़ किले की तलहटी में मौजूद अफ़ज़ल खान के मकबरे के 300 मीटर के दायरे में लोगों के जाने पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने यह कदम आगामी शिव प्रताप दिवस समारोह के मद्देनजर उठाया है। प्रताप दिवस समारोह को लेकर राजनीतिक दलों ने मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इस दिवस को 1659 में शिवाजी महाराज की अफ़ज़ल खान पर जीत के जश्न के तौर पर मनाया जाता है।

---

# आईआईटी बॉम्बे का बदलेगा नाम

**केंद्र को पत्र लिखेंगे सीएम फडणवीस**

**केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के बयान पर मचे सियासी बवाल के बीच ऐलान**




**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिखकर आईआईटी बॉम्बे (IIT Bombay) का नाम बदलकर आईआईटी मुंबई करने की मांग करेगी। यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा इस प्रमुख संस्थान के नामकरण पर दिए गए बयान पर उठे विवाद के बीच कही। विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने कहा था कि शुक्र है कि आईआईटी बॉम्बे का नाम बदलकर मुंबई नहीं किया गया। इस पर मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने तीखी प्रतिक्रिया जताई थी और कहा था कि यह टिप्पणी सरकार की मानसिकता को दर्शाती है।

### जितेंद्र सिंह के बयान के बाद सियासत शुरू

जितेंद्र सिंह ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, जहां तक आईआईटी बॉम्बे का सवाल है, भगवान का शुक्र है कि इसका नाम अभी भी यही है। आपने इसे मुंबई नहीं किया है। यह आपकी एक और तारीफ है। और मद्रास के लिए भी यह सच है। यह आईआईटी मद्रास ही रहेगा।

### राज ठाकरे का केंद्र सरकार पर निशाना

आगामी मुंबई नगर निकाय चुनावों में मराठी पहचान को प्रमुख एजेंडा बताते हुए राज ठाकरे ने कहा कि चंडीगढ़ को पंजाब के नियंत्रण से छीनने की केंद्र की 'कोशिश' जैसी ही कुछ मुंबई के लिए भी हो रही है। एमएनएस प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुंबई, जो हमेशा से मराठी लोगों की रही है, उसे महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश को मराठी नेताओं और जनता ने नाकाम कर दिया। हमारा मराठी मुंबई महाराष्ट्र में ही रहा। अब, दशकों से उनके पेट में जो कड़वाहट पल रही है।

---

# मुंबई में भी सांस पर संकट



**हवा हुई 'अनहेल्दी', प्रदूषण स्तर खतरनाक श्रेणी में पहुंचा**

**हवा में छाई धुंध की चादर, एयर क्वालिटी इंडेक्स पहुंचा 300 पार**

**धीरज सिंह | मुंबई**

मुंबई। महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई में वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक हो गई है। शहर का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 267 दर्ज किया गया, जो 'अनहेल्दी' श्रेणी में आता है। कई इलाकों में तो प्रदूषण स्तर बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। मजगांव में AQI 305, चाकला-अंधेरी ईस्ट में 263, नेवी नगर-कोलाबा में 271 और मालाड में 223 रिकॉर्ड किया गया। इन क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने की संभावना बढ़ गई है।

### राज्यभर में हवा की गुणवत्ता खस्ताहाल

मुंबई ही नहीं, महाराष्ट्र के अन्य शहर भी खराब हवा की चपेट में हैं। नागपुर (AQI 199), ठाणे (188), नवी मुंबई (186), और मीरा-भायंदर (192) जैसे शहर भी 'अनहेल्दी' श्रेणी में दर्ज किए गए। राज्यभर में हवा की गुणवत्ता धीरे-धीरे गिरती जा रही है।

### बीएमसी की चेतावनी – GRAP-IV लागू करने की तैयारी

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने स्थिति बिगड़ने पर GRAP-IV (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) लागू करने की चेतावनी दी है। इसके तहत निर्माण कार्यों पर रोक, औद्योगिक गतिविधियों पर नियंत्रण और अन्य सख्त कदम उठाने पर विचार किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, वाहनों से होने वाला उत्सर्जन, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, मौसम में बदलाव और हवा की कम गति प्रदूषण बढ़ाने के मुख्य कारण हैं। इन सभी कारकों ने मिलकर मुंबई की हवा को बेहद खराब बना दिया है।

### प्रदूषण के प्रमुख कारण सामने आए

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को बाहर निकलते समय मास्क पहनने की सलाह दी है। बच्चों, बुजुर्गों, अस्थमा और हृदय रोगियों के लिए खास सावधानी जरूरी है। घर में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करने और खिड़कियां बंद रखने की भी सलाह दी गई है।

### निर्माण साइट्स के लिए बीएमसी के नए नियम

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बीएमसी ने निर्माण परियोजनाओं पर कई दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें निर्माण साइटों को टिन बैरिकेड और हरे कपड़े से कवर करना, तोड़फोड़ के दौरान नियमित वॉटर स्प्रे करना और मलबे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान शामिल है। निर्माण सामग्री लोडिंग-अनलोडिंग के समय फॉगिंग का उपयोग करना, Dust Extraction System और Air Quality Monitoring उपकरण लगाना अब सभी निर्माण परियोजनाओं के लिए जरूरी कर दिया गया है। बीएमसी का मानना है कि इन उपायों से प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

---

**राजनीति** बीएमसी चुनाव को लेकर शरद पवार ने पार्टी के मुस्लिम नेताओं से की चर्चा

# राकांपा शरद गुट को कांग्रेस नहीं उद्धव-राज के साथ की जरुरत

**पवार के साथ से उद्धव बदल गए तो राज की नीतियों में होगा परिवर्तन**



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई मनपा चुनाव से पहले मनसे प्रमुख राज ठाकरे की सक्रियता ने महाविकास आघाड़ी के भीतर हलचल बढ़ा दी है। राज ठाकरे की एंट्री से गठबंधन में शामिल कांग्रेस असहज महसूस कर रही है और इससे आघाड़ी के टूटने के आसार दिख रहे हैं। ऐसे में राकांपा (शरद गुट) के सामने यह बड़ा सवाल है कि वह किस पार्टी के साथ जाए—शिवसेना (उद्धव) या फिर कांग्रेस के साथ।

### राकांपा (शरद) के सामने रणनीतिक उलझन

कांग्रेस की असहजता और संभावित अलगाव को देखते हुए राकांपा (शरद) की दुविधा बढ़ गई है। पार्टी अध्यक्ष शरद पवार इस स्थिति में कौन-सी राजनीतिक दिशा अपनाएं, यह तय करने में जुटे हुए हैं। महाविकास आघाड़ी में मौजूद मतभेदों ने राकांपा के लिए गठबंधन विकल्पों को फिर से परखने की स्थिति बना दी है।

### मुस्लिम नेताओं के साथ पवार की बैठक

इसी राजनीतिक माहौल के बीच शरद पवार ने राकांपा (शरद) के मुस्लिम नेताओं के साथ यशवंतराव प्रतिष्ठान में बैठक की। बैठक में राकांपा (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक सिराज मेंहदी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इस बैठक में आगामी महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### मनसे–उद्धव के साथ का सुझाव

सिराज मेंहदी ने बताया कि कांग्रेस, राज ठाकरे की मौजूदगी के कारण गठबंधन में सहज नहीं है और अकेले चुनाव लड़ना चाहती है। इसलिए मुस्लिम नेताओं ने पवार से सुझाव दिया कि कांग्रेस को इस चुनाव में प्राथमिकता न देते हुए शिवसेना (उद्धव) और मनसे के साथ तालमेल किया जाए। स्थानीय चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं।

---

# हिरासत में 100 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिक

**ज्यादातर महिलाएं घरेलू नौकरानी**



**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

खारघर में बुधवार को पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। इनमें 70 से ज्यादा महिलाएं भी शामिल हैं, जो अलग-अलग घरों में नौकरानी के रूप में काम कर रही थीं। यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही पुलिस मुहिम का हिस्सा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्रवाई सुबह करीब साढ़े दस बजे सेक्टर-35 की हाइड पार्क सोसायटी में शुरू हुई। भारी पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने सोसायटी के हर फ्लैट और घर में तलाशी ली। पुलिस को संदेह है कि कई लोगों के आधार कार्ड फर्जी या गलत तरीके से बनवाए गए हैं।

### वैध दस्तावेजों की कमी

जिन लोगों को हिरासत में लिया गया, उनमें ज्यादातर के पास आधार कार्ड था, लेकिन पासपोर्ट, वीजा या कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस का मानना है कि सभी लोग अवैध रूप से भारत में रह रहे थे और अधिकांश बांग्लादेश से आए हैं।

### पुलिस स्टेशन में पूछताछ

हिरासत में लिए गए लोगों को तुरंत खारघर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां उनकी उम्र, नाम-पता और भारत में कब और कैसे आए, इसकी पूरी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह जांच उनके वैध दस्तावेजों और भारत में रहन-सहन की स्थिति की पुष्टि के लिए जरूरी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सूटकेस में मिला महिला का शव, प्रेमी गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे जिले के सील डायघर इलाके में एक महिला की हत्या कर उसका शव सूटकेस में भरकर खाड़ी में फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले पांच साल से महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। 21 नवंबर की रात झगड़े के बाद उसने महिला की हत्या की थी। इस मामले की जांच सील डायघर पुलिस कर रही है। सील डायघर पुलिस ने आरोपी की पहचान विनोद श्रीनिवास विश्वकर्मा (50) के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता प्रियंका विश्वकर्मा (22) उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले की निवासी थी और मुंबई में मुंब्रा स्टेशन पर भीख मांग रही थी। पांच साल पहले विनोद ने उसे अपने घर बुलाया और दोनों लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने लगे। 21 नवंबर को उनके बीच विवाद हुआ और विनोद ने प्रियंका का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद विनोद ने प्रियंका का शव एक दिन तक घर में रखा। जब बदबू फैलने लगी, तो उसने शव को सूटकेस में भरकर पुल से खाड़ी में फेंक दिया। सूटकेस खुल जाने से स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के दौरान विनोद ने हत्या और शव को सूटकेस में फेंकने की बात स्वीकार की। पुलिस अब मामले की आगे की जांच कर रही है।

### सिविल अस्पताल में मनाया गया संविधान दिवस



**ठाणे।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर ठाणे सिविल अस्पताल में आयोजित संविधान वाचन और शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े, डॉ. संगीता माकोड़े, डॉ. तेजस्विनी भगत, डॉ. सुषमा कांबले, प्रतिभा बाबू, पूजा राउत, विनोद जोशी, हरिविजय कांबले और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे और उन्होंने संविधान के मूल्यों को संरक्षित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### मध्य रेलवे सोलापुर मंडल में संविधान दिवस का आयोजन

**सोलापुर।** मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल ने संविधान दिवस 2025 को भव्य तरीके से मनाया और भारत के संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्य कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में सुबह 11:00 बजे आयोजित किया गया, जहां मंडल रेल प्रबंधक डॉ. सुजीत मिश्रा ने संविधान की प्रस्तावना का सस्वर वाचन किया। इसके बाद सभी अधिकारी और कर्मचारी सामूहिक वाचन में शामिल हुए, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों के प्रति एकता का प्रतीक बना।मुख्य कार्यक्रम के अलावा, पूरे सोलापुर मंडल में डिपो प्रभारियों और इकाई प्रभारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर प्रस्तावना-वाचन सत्र आयोजित किए। इससे डिपो, इकाई और कार्यशालाओं के कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हुई। इन वाचनों ने कर्मचारियों के बीच संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को मजबूत किया और संविधान दिवस के महत्व को उजागर किया। संविधान दिवस, जिसे हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने की स्मृति में मनाया जाता है।

# जॉयस्टिक जंगल' गेम ज़ोन पर पुलिस का छापा

### ▸▸ तीन आरोपी गिरफ्तार, 8 नाबालिग बच्चे मिले

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण पूर्व के चिंचपाड़ा इलाके में मंगलवार दोपहर पुलिस ने एक अवैध रूप से संचालित गेम-ज़ोन पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर कोळसेवाडी पुलिस ने जिरे टोप चौक के पास डोमिनोज़ के बगल स्थित एक इमारत के तहखाने में की।




### IPC व महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज

घटना के सिलसिले में कोळसेवाडी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 125 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि शहर में ऐसे अवैध मनोरंजन केंद्र संचालित होते दिखें, तो तुरंत स्थानीय थाने को सूचित करें ताकि कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### पुलिस ने तुरंत ताला लगाकर बंद कराया केंद्र

अवैधता और सुरक्षा उल्लंघन देखते हुए पुलिस ने तुरंत परिसर पर ताला लगा दिया और केंद्र को बंद करा दिया। इसके बाद तीनों संचालकों को हिरासत में ले लिया गया।

### तीन संचालक गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पृथ्वीराज राजा चौहान (27), श्रीराम राजा चौहान (25) और अमित उदाराम सोनवने (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीनों मिलकर इस अवैध मनोरंजन केंद्र का संचालन कर रहे थे।

### 'जॉइस्टीक जंगल' नाम से चल रहा था केंद्र

पुलिस के अनुसार यह गेम-ज़ोन ₹जॉइस्टीक जंगल₹ नाम से संचालित किया जा रहा था, जहां 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को भी बिना किसी सुरक्षा प्रबंध के प्रवेश दिया जा रहा था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने देखा कि आठ लैपटॉप पर बच्चे और किशोर गेम खेल रहे थे।

### तहखाने में सुरक्षा व्यवस्था शून्य

छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया कि तहखाने में बना कक्ष पूरी तरह बंद, अंधेरा और बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के था। यहां अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे या वेंटिलेशन जैसी बुनियादी सुविधाएं तक मौजूद नहीं थीं।

### स्कूल से अनुपस्थित बच्चे भी मिले

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि कुछ बच्चे स्कूल समय में कक्षाओं से अनुपस्थित रहकर इसी अवैध मनोरंजन केंद्र में समय बिता रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने इसे बच्चों की सुरक्षा और अनुशासन दोनों के लिए गंभीर खतरा बताया।

### बिना मंजूरी चल रहा था संचालन

कोळसेवाडी थाने के अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक गणेश न्हायदे, सहायक पुलिस निरीक्षक दर्शन पाटील और उनकी टीम ने स्थल का निरीक्षण कर पुष्टि की कि यह केंद्र शासन और स्थानीय प्रशासन की किसी भी मंजूरी के बिना चलाया जा रहा था।

# मामूली झगड़े में पति ने पत्नी की कर दी हत्या

### ▸▸ आरोपी फरार, पुलिस ने शुरू की जांच

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

डोंबिवली स्थित कोलेगांव क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां मामूली घरेलू विवाद के बाद एक पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान ज्योति धाहिये के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति पोपट धाहिये घटना के बाद से फरार है। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में भय और चिंता का माहौल है।



### आरोपी की तलाश जारी, पुलिस ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन



मानपाड़ा पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पुलिस टीम ने आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली है, साथ ही आरोपी के जानने वालों और संभावित ठिकानों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी।

### बहस बनी मौत की वजह

शुरुआती जांच के अनुसार, बीती रात पति-पत्नी के बीच किसी सामान्य बात को लेकर झगड़ा शुरू हुआ था। बताया जाता है कि विवाद बढ़ते-बढ़ते इतना गंभीर हो गया कि गुस्से में आरोपी पति ने पत्नी का गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद पोपट धाहिये घर छोड़कर फरार हो गया, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

# राजलक्ष्मी कंपाउंड में भीषण आग

### ▸▸ लाखों का माल जलकर खाक

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी तालुका के काल्हेर ग्राम पंचायत क्षेत्र स्थित राजलक्ष्मी कंपाउंड में मंगलवार रात करीब 8 बजे लगी भीषण आग से इलाके में हड़कंप मच गया। आग इमारत की दूसरी मंज़िल पर स्थित गारमेंट कंपनियों में लगी, जहाँ भारी मात्रा में रेडीमेड कपड़ा और पैकिंग सामग्री का स्टॉक भरा हुआ था।



### तीन गारमेंट कंपनियाँ आग की चपेट में

जानकारी के अनुसार, दूसरी मंज़िल पर Bang Overseas Private Limited, Thomas Scott India Limited और Vedanta Creations Limited की यूनिट्स कार्यरत थीं। अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में रौद्र रूप ले लिया और लगभग 300 मीटर लंबी तीन कमानियों को अपनी चपेट में ले लिया। तैयार कपड़े, पैकिंग स्टॉक, मशीनरी और कार्टन सहित पूरा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, नुकसान करोड़ों में पहुँचा है।

### दमकल विभाग के पाँच फायर टेंडर मौके पर पहुँचे

आग लगते ही ठाणे, कल्याण, उल्हासनगर और भिवंडी मनपा की कुल पाँच दमकल गाड़ियाँ तुरंत घटनास्थल पर भेजी गईं। कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गोदामों में कपड़े और पैक्ड सामग्री का अत्यधिक स्टॉक होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पूरी इमारत की संरचना कमजोर होकर खतरे में आ गई, जिसके चलते आसपास के क्षेत्रों को खाली कराया गया।

### पानी की कमी से आग बुझाने में दिक्कत

दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने में अभी कई घंटे और लग सकते हैं। क्षेत्र में पानी की कमी के कारण राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं और अतिरिक्त पानी टैंकर मंगवाए जा रहे हैं। विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर काम कर रहा है ताकि आग को इमारत के अन्य हिस्सों में फैलने से रोका जा सके। गनीमत यह रही कि आग लगने के समय कंपनियाँ बंद थीं और सभी कर्मचारी छुट्टी के कारण पहले ही घर जा चुके थे। इसलिए किसी भी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। आग का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट की ओर इशारा करती है। पुलिस और अग्निशमन विभाग ने मामले की जाँच शुरू कर दी है, और कंपनियों के मालिकों को विस्तृत पंचनामा के लिए बुलाया जा रहा है।

# उल्हासनगर प्रभाग मतदाता सूची में गड़बड़ी

### ▸▸ शिवसेना, कांग्रेस, मनसे ने आयुक्त से की शिकायत

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर महानगरपालिका की प्रभागवार मतदाता सूची में गंभीर गड़बड़ियों के आरोप लगाते हुए शिवसेना (उभाठा), मनसे और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई है। तीनों दलों ने कहा कि 20 नवंबर 2025 को प्रकाशित मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर त्रुटियाँ हैं, जिन्हें तुरंत सुधारकर दोबारा पूर्ण रूप से प्रकाशित किया जाना चाहिए।

### चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल

विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची की इन गलतियों के कारण आगामी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता खतरे में पड़ रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किए गए तो फर्जी मतदान और प्रशासनिक अनियमितताएं बढ़ सकती हैं।




### आयुक्त को सौंपा गया विस्तृत निवेदन

मनपा आयुक्त मनीषा आव्हले को दिए गए निवेदन में तीनों दलों ने कई गंभीर त्रुटियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इनमें एक ही मतदाता का नाम दो जगह दर्ज होना, अन्य वार्डों के मतदाताओं के नाम गलत वार्ड में जोड़ा जाना और हजारों नामों के आपस में मिल जाने जैसी बड़ी गड़बड़ियाँ शामिल हैं।

### प्रशासन की लापरवाही पर विपक्ष का हमला

शिवसेना (उभाठा) कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने प्रशासन की लापरवाही की कड़ी आलोचना की और तत्काल सुधार अभियान शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी गड़बड़ियाँ इस बात का संकेत हैं कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से नहीं ले रहा। शिकायत दर्ज करने के बाद तीनों दलों के कार्यकर्ताओं—जिनमें धनंजय बोडारे, रोहित साल्वे, बंडू देशमुख, दिलीप मिश्रा, प्रकाश कुकरेजा और सचिन कदम शामिल थे—ने मनपा मुख्यालय के बाहर नारेबाजी की। सभी दलों ने एकमत होकर कहा कि प्रशासन को अब त्रुटिरहित, पारदर्शी और विश्वसनीय मतदाता सूची जारी करने के लिए कठोर कदम उठाने होंगे।

### डुप्लिकेट नामों और गलत पते की शिकायतें

विपक्ष ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर डुप्लिकेट नाम पाए गए हैं, वहीं कई मतदाताओं के पते अधूरे या गलत दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, वेबसाइट पर मतदाता सूची डिजिटल रूप में सही तरीके से नहीं पढ़ी जा रही है, जिससे नागरिकों को अपने नाम खोजने में कठिनाई हो रही है।

### फर्जी मतदान की आशंका व्यक्त

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इन गंभीर त्रुटियों से फर्जी मतदान की संभावना बढ़ जाती है। विपक्षी दलों ने कहा कि चुनाव आयोग और प्रशासन को ऐसे मामलों पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नागरिकों का भरोसा बना रहे।

### त्रुटिरहित सूची और पारदर्शिता की मांग

तीनों दलों ने मांग की है कि सभी त्रुटियों को तुरंत सुधारा जाए, संबंधित वार्डों के लिए समेकित आपत्तियां स्वीकार की जाएं, मतदाता सूची को फोटो सहित प्रकाशित किया जाए और एक मोबाइल-फ्रेंडली लिंक उपलब्ध कराया जाए ताकि नागरिक आसानी से अपने नाम की खोज कर सकें।

# संविधान दिवस पर ज़ेडपी ने पपर्स बॉल बनाने की पहल की

**ठाणे।** ठाणे ज़िला परिषद में आज, 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। परिषद के हॉल में सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे और भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। डिप्टी चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर (ग्राम पंचायत) प्रमोद काले ने संविधान दिवस के महत्व, भारतीय संविधान की विशेषताएं और लोकतंत्र को मज़बूत करने में हर नागरिक की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए सभी को प्रेरित किया।

### उच्च अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति




कार्यक्रम में डिप्टी चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (जनरल एडमिनिस्ट्रेशन) अविनाश फड़तारे, चीफ अकाउंट्स और फाइनेंस ऑफिसर वैजनाथ बुरुडकर, एजुकेशन ऑफिसर (प्राइमरी) बालासाहेब रक्षे, नरेगा ग्रुप डेवलपमेंट ऑफिसर प्राची सालस्कर, महिला और बाल कल्याण विभाग के प्रोग्राम ऑफिसर संजय बागुल, इंचार्ज डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. स्वाति पाटिल, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. दिनेश सुतार, अकाउंट्स ऑफिसर सज्जला विस्पुते, लाइवस्टॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (टेक्निकल) डॉ. कीर्ति दोईजोडे, अकाउंट्स ऑफिसर रवींद्र सपकाले सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भुसावल मंडल में 76वां संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**भुसावल।** मध्य रेल के भुसावल मंडल में 76वां संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। दिनांक 26 नवम्बर 2025 को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय सहित मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन आयोजित किया गया। डीआरएम कार्यालय में आयोजित अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) श्री सुनील कुमार सुमन ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया, जिसके पीछे उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान प्रस्तावना का पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शाखा अधिकारी, सहायक अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफल आयोजन में कार्मिक विभाग, दूरसंचार विभाग, विद्युत विभाग, अभियांत्रिकी विभाग का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। भुसावल मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संविधानिक मूल्यों के प्रति जनजागृति का प्रभावी संदेश दिया।

# फ्लाईओवर पर ट्रक ने दोपहिया वाहन को मारी जोरदार टक्कर

### ▸▸ छह साल की बच्ची की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में छह साल की छात्रा खदीजा शेख की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता डॉ. उमर शेख गंभीर रूप से घायल हो गए।



### तेज रफ्तार ट्रक ने छीनी मासूम की जान

पुलिस के अनुसार, वाडा से नासिक की ओर जा रहा ट्रक भिवंडी शहर के नदीनाका और वंजारपट्टी नाका की ओर बढ़ रहा था। फ्लाईओवर पर पहुंचते ही ट्रक ने सामने चल रहे दोपहिया को टक्कर मार दी, जिससे बच्ची बुरी तरह घायल होकर वहीं गिर गई।

### पिता गंभीर रूप से घायल

दुर्घटना में खदीजा के पिता विपरीत दिशा में जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों और यातायात पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। घटना के बाद नागरिकों की सहायता से ट्रक को रोका गया और चालक सिराज कसुवर कुरैशी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। निजामपुर पुलिस टीम ने पहुंचकर चालक को औपचारिक रूप से हिरासत में ले लिया।

### पोस्टमार्टम और उपचार की प्रक्रिया शुरू

खदीजा के शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वर्गीय इंदिरा गांधी अस्पताल भेजा गया, जबकि गंभीर रूप से घायल डॉ. उमर शेख को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### घर ले जाते समय हुआ हादसा

घटना के समय डॉ. उमर अपनी बेटी को स्कूल ले जा रहे थे। खदीजा निजामपुर के माजरीन इंग्लिश स्कूल में पढ़ती थी और रोज़ की तरह पिता के साथ दोपहिया वाहन से जा रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

### शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

स्थानीय लोगों का कहना है कि भिवंडी शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पहले से ही प्रतिबंध है, इसके बावजूद ट्रक फ्लाईओवर पर पहुंच कैसे गया, यह बड़ा सवाल है। इस मनमानी के कारण अक्सर वंजारपट्टी नाका क्षेत्र में ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं बढ़ती रहती हैं।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष सचिन पोटे ने दिया इस्तीफ़ा

### ▸▸ शिंदे समूह या बीजेपी में जाने पर सस्पेंस जारी

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण-डोंबिवली में नगर निगम चुनावों से पहले राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सचिन पोटे ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है, जिसके साथ कई समर्थक पदाधिकारियों ने भी सामूहिक रूप से पद छोड़े हैं। इस अचानक हुए घटनाक्रम ने पूरे राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है।

### पोटे की नई राजनीतिक पारी पर अटकलें जारी

इस्तीफ़े के बाद शहर में राजनीतिक चर्चाएँ तेज़ हो गई हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या सचिन पोटे शिंदे गट की शिवसेना में शामिल होंगे या उन्हें BJP ने कोई ऑफर दिया है? सूत्रों के अनुसार, पोटे को भाजपा की ओर से प्रस्ताव मिला था, वहीं कुछ दिनों से शिंदे समूह में शामिल होने की चर्चा भी चल रही थी।

### हाईकमान के आदेश पर इस्तीफ़ा, नाराज़गी से इनकार



सचिन पोटे का कहना है कि उन्होंने पार्टी हाईकमान के निर्देश पर इस्तीफ़ा दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो किसी तरह की नाराज़गी और न ही किसी प्रकार का दबाव इसका कारण है। पोटे ने कहा कि संगठन में नए चेहरों को मौका देने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है।

### "मैं कांग्रेस के साथ ही रहूंगा"

सचिन पोटे ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वे कांग्रेस की विचारधारा के प्रति वफादार हैं और आगे भी कांग्रेस पार्टी के साथ ही काम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अन्य राजनीतिक दलों से ऑफर मिलने के बावजूद वे किसी भी दूसरी पार्टी में शामिल नहीं होंगे। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, हर्षवर्धन सपकाल और संजय दत्त का आभार व्यक्त किया।

### नगर निगम चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक झटका

सामूहिक इस्तीफ़ों से कांग्रेस के स्थानीय संगठन पर क्या असर होगा, यह आने वाले दिनों में साफ होगा। कल्याण-डोंबिवली में नगर निगम चुनाव पहले से ही राजनीतिक तापमान बढ़ा चुके हैं, ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व में हुए इस बदलाव ने विपक्षी दलों को भी सक्रिय कर दिया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस बदलाव का चुनावी रणनीति पर कितना प्रभाव पड़ता है।

# महायुति में नहीं थम रहा कलह

## समझौते के बाद भी भाजपा ने तोड़े एकनाथ शिंदे के तीन नेता

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के दो घटक दलों यानी भाजपा और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के बीच कलह थमना मुश्किल नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच एक-दूसरे के कार्यकर्ताओं और नेताओं की खरीद-फरोख्त को लेकर दोनों दलों के बीच पिछले कुछ दिनों से तनाव टकराव की चल रहा था, जिसे अमित शाह के दखल के बाद माना जा रहा था कि तनाव का दौर खत्म हो जाएगा लेकिन भाजपा ने फिर से शिवसेना के तीन नेताओं को तोड़कर मिला लिया है। इससे दोनों साथी दलों के बीच तनाव फिर से बढ़ गया है। दरअसल, दोनों दलों के बीच पिछले ही दिनों यह समझौता हुआ था कि कोई भी दल एक-दूसरे के नेताओं के अपनी पार्टी में सामिल नहीं कराएगा। बावजूद इसके BJP ने सोमवार को शिवसेना के तीन नेताओं को अपने साथ मिला लिया। इनमें से एक शिवसेना नेता अंबरनाथ से और दो संभाजीनगर से हैं। अंबरनाथ में जो नेता शिवसेना छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, वह एक बिजनेसमैन हैं और पुराने शिव सैनिक रहे हैं। रूपसिंह धाल की पहचान ज्वैलर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रेसिडेंट के तौर पर भी रही है।

### महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष की मौजूदगी में हुए शामिल



अब वह BJP में शामिल हो चुके हैं। उन्हें महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की मौजूदगी में पार्टी में शामिल कराया गया। दूसरी तरफ संभाजीनगर जिले में, फुलंबरी नगर पंचायत के लिए शिवसेना चीफ और शिवसेना के उम्मीदवार रहे आनंदा ढोके भी भाजपा में शामिल हो गए। संभाजीनगर में ही शिवसेना की महिला विंग की हेड शिल्पारानी वाडकर भी BJP में शामिल हो गई हैं। इससे शिवसेना की भौहें तन गई हैं।

### नतीजे भुगतने होंगे: शिवसेना

बीजेपी के इस नए कदम पर शिवसेना के कैबिनेट मिनिस्टर और संभाजीनगर जिले के गार्जियन मिनिस्टर संजय शिरसाट ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। शिरसाट ने कहा कि अगर बीजेपी ने हमारे नेताओं को अपनी तरफ खींचना बंद नहीं किया तो उसे नतीजे भुगतने होंगे। हम बदला लेने के लिए सही कदम उठाएंगे। बीजेपी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान महायुति के अंदर सभी मतभेद 3 दिसंबर को चुनाव नतीजों के बाद सुलझा लिए जाएंगे।

### महायुति संग चुनाव लड़ने का कोई फायदा नहीं

शिवसेना के टकराव बढ़ाने के लिए तैयार होने का संकेत देते हुए शिरसाट ने कहा कि यदि शिवसेना कार्यकर्ताओं को (भाजपा में) अपनी बढ़त साबित करने के लिए शामिल किया जा रहा है तो उपमुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी भी उचित कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि इससे शिवसेना कार्यकर्ताओं में असंतोष और भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। यह (शिवसेना उम्मीदवारों को भाजपा में शामिल करना) बंद होना चाहिए, अन्यथा महायुति के रूप में चुनाव लड़ने का कोई फायदा नहीं है। शिरसाट ने चेतावनी दी कि यह प्रवृत्ति आगामी नगर निगमों और जिला परिषदों के चुनावों को भी प्रभावित कर सकती है।

# मुंबई हमले की 17वीं बरसी पर सीएम और डीसीएम ने दी श्रद्धांजलि



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह समारोह दक्षिण मुंबई स्थित मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यालय परिसर में शहीद स्मारक पर आयोजित किया गया, जिसमें राज्य मंत्री आशीष शेलार और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

### शहीदों के परिवार और पुलिसकर्मियों ने किया सम्मान

श्रद्धांजलि समारोह में शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे और उन्होंने स्मारक पट्टिका के सामने एक मिनट का मौन रखा। शहरभर की पुलिस इकाइयों से पुलिसकर्मी उपस्थित थे, जिन्होंने 26/11 के हमलों में अपने सहयोगियों के साहस और बलिदान को याद करते हुए सलामी दी।

### 26/11 हमलों और सुरक्षा सुधार

26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों ने मुंबई में ताज महल पैलेस, ओबेरॉय ट्राइडेंट, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नरीमन हाउस जैसे प्रमुख स्थलों पर हमले किए। इन हमलों में 166 लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हुए। इसके बाद भारत ने सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया, जिसमें खुफिया समन्वय, तटीय निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, एनएसजी की तैनाती और समुद्री सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

# टीचर के 20 हजार पद घटेंगे

## हाईकोर्ट ने शिक्षक समायोजन की सभी याचिकाएं खारिज की

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बंबई उच्च न्यायालय ने शिक्षक समायोजन से संबंधित सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया है। कोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा संचालक ने पूरे राज्य में सुधारित संचमान्यता के अनुसार अतिरिक्त शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश जारी किए हैं। इस निर्णय को शिक्षण क्षेत्र में एक बड़ा प्रशासनिक बदलाव माना जा रहा है।



### 5 दिसंबर तक जिला स्तर पर समायोजन पूरा करने का आदेश

हाई कोर्ट के फैसले के बाद प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा संचालक ने आदेश जारी कर 15 मार्च के शासन निर्णय के अनुसार 5 दिसंबर तक जिला स्तर पर समायोजन पूर्ण करने का निर्देश दिया है। यदि किसी जिले में अतिरिक्त शिक्षक शेष रहते हैं, तो 19 दिसंबर तक उनका विभागीय स्तर पर समायोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिलों में प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमरावती के केंद्र प्रमुख प्रसाद पाटिल ने बताया कि नए संचमान्यता आदेश में कक्षा 6 से 8 के लिए विषय शिक्षक पद मंजूर करने हेतु छात्र संख्या की सीमा बढ़ा दी गई है।

### 20,000 पद घटने का अनुमान, भविष्य में भर्ती पर असर

नई संचमान्यता लागू होने से करीब 20,000 शिक्षक पद कम हो सकते हैं। इससे आने वाले वर्षों में शिक्षक भर्ती की संभावनाएं बेहद सीमित हो जाएंगी। शिक्षा विभाग के अनुसार विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर पद निर्धारित करने से कई स्कूलों में स्वीकृत पदों की संख्या स्वतः घट जाएगी। शालेय शिक्षा विभाग ने 15 मार्च 2024 को विद्यार्थियों की संख्या को आधार मानकर शिक्षक पदों के पुनर्मूल्यांकन और अतिरिक्त कर्मचारियों के समायोजन संबंधी शासन निर्णय जारी किया था। इसके बाद कई संगठनों—जिनमें महाराष्ट्र राज्य पदवीधर प्राथमिक शिक्षक एवं केंद्र प्रमुख सभा भी शामिल है—ने इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अब सभी याचिकाओं को खारिज कर राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय सुनाया है।

# 'मम्मी और अंकल मुझसे देह व्यापार कराते हैं'

### 10वीं में पढ़ने वाली लड़की ने लगाए आरोप



**मुंबई।** मुंबई से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। घाटकोपर इलाके में 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा ने अपनी सगी मां और एक पुरुष पड़ोसी पर गंभीर आरोप लगाया है। लड़की के अनुसार, इस साल अप्रैल से लेकर शिकायत दर्ज होने तक, दोनों ने जबरदस्ती उससे देह व्यापार का काम करवाया ताकि वे पैसे कमा सकें। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि लड़की ने जब यह अत्याचार सहा नहीं गया, तो वह अपनी एक सहेली को लेकर अपनी क्लास टीचर के पास गई और उन्हें अपनी पूरी कहानी सुनाई।

# जन्मदिन पर युवक को जिंदा जलाने की कोशिश, पांच गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मुंबई के कुर्ला स्थित कोहिनूर फेज 3 सोसाइटी में 21 वर्षीय अबुल रहमान मकसूद को उसके जन्मदिन पर जिंदा जलाने की कोशिश की गई। पुलिस ने इस घटना में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है और अदालत ने उन्हें 29 नवंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। मामले की गहन जांच विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन कर रहा है।

### जन्मदिन मनाने के लिया बुलाया, फिर युवक को लगाई आग

पुलिस के अनुसार, अबुल के पांच दोस्तों ने उसे जन्मदिन मनाने के लिए सोसाइटी में बुलाया। जैसे ही अबुल ने केक काटा, उसके दोस्त उस पर पत्थर और अंडे फेंकने के बाद पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। अबुल जल रहा था और उसके दोस्त इस दौरान नाच रहे थे। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।


**सार्वजनिक सूचना**

इस सार्वजनिक सूचना केमाध्यम से सभी लोगोंको सूचित किया जाता है की, अधिभोग वर्ग–२ भूमि का निम्नलिखीत विवरण ग्राम सुर्यमाळ तहसिल–मोखाडा, जिला–पालघर में श्री. महेंद्र नारायण मोरे, श्रीमती दुर्गाबाई नारायण मोरे, श्री. निलेश रघुनाथ उबाळे के स्वामित्व और कब्जे में है।

संपत्ति का विवरण :–

| क्रमांक | ग्राम | गट क्रमांक | खाता क्र. | क्षेत्र (हे.आर.) | आकार (रू.पै.) |
|---|---|---|---|---|---|
| १) | सुर्यमाळ | २२० | २० | १.८७.७० | ०.८८ |

चतुःसिमा निम्ननुसार है :–

पूर्व की ओर : गट क्रमांक २३४
पश्चिम की ओर : गट क्रमांक १९१
दक्षिण की ओर : गट क्रमांक २१९
उत्तरे की ओर : गट क्रमांक २२१

यदयपी हमारे मुवक्कील ने उपरोक्त भूमि को भूमि स्वामी से खरीदने का निर्णय लिया है और उनके बिच बातचीत चल रही है, यदी उक्त भूमि पर कोई बंधक, दान, उपहार, विक्री, समझौता, खरीद विलेख, अदालती सिव्हील और क्रिमिनल लंबित मुकदमा, केस, अपिल, दरखास्त, या कोई अन्य अधिकार ब्याज है, या भूमि का कोई भाग किसी विलेख से बंधक है, तो यह सुचना लिखीत आपत्ती दस्तावेजों के साथ निम्नलिखीत पते पर भेजें। यदि प्रकाशन की तारीख से १४ दिनों के भितर कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती है, तो हम उक्त भूमि को भारमुक्त मान लेंगे और निम्नलिखीत लेनदेन पूरा कर लेंगे। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

तारीख :– २७/११/२०२५

पता :– अ‍ॅड्. डी.व्ही. गायकवाड
अ‍ॅड्. धरमसेन व्ही. गायकवाड, (खरीददार के वकील)
बी/०३, पहली मंजील, बी विंग, रॉयल पॉईंट–२ नवली रोड, पालघर (प.), ता. जि. पालघर,
मो. नं. ९२२६१६७६५९ / ९९७५१८२८६५



**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस अजमेर के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन का फेरा बढ़ाएगा**

| ट्रेन सं. | कहां से | कहां तक | चलने का दिन | बढ़ाई गई तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 09622 | बांद्रा टर्मिनस | अजमेर | सोमवार | 29.12.2025 |
| 09621 | अजमेर | बांद्रा टर्मिनस | रविवार | 28.12.2025 |

रुकने के समय और कंपोजिशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 09622 के लंबे ट्रिप की बुकिंग 27.11.2025 से PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर दी गई ट्रेन स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ



**पश्चिम रेलवे**
**एयर कंडीशनिंग हेतु परामर्श सेवा**

Sr. DEE/P/BCT, मुंबई सेंट्रल निविदा क्रमांकः EL-4-2-379-WA-36 (R-4) **निविदा दिनांकः 21.11.2025 (टू पैकेट सिस्टम) आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** GLO, एनेक्स बिल्डिंग एवं चर्चगेट स्टेशन भवन (पश्चिम रेलवे मुख्यालय) के लिए एयर कंडीशनिंग हेतु परामर्श सेवाएं कार्य का स्थानः चर्चगेट, मुंबई **अनुमानित लागतः** 19,47,000/- **ईएमडी** (जमानत राशि): 38,900/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 30.12.2025, दोपहर 3:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि व समयः** 30.12.2025, दोपहर 3:30 बजे वेबसाइटः ireps.gov.in 0837

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**
**केबल की आपूर्ति और स्थापना का कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल – 400008 **ई-निविदा सूचना क्रमांकः WR-MMCTOECOA(ECTD)/18/2025 O/o(SRDEE/CHG/MMCT/W (कंप्यूटर नं. 640219) दिनांकः 21.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** EOG प्रकार के LHB एसी कोचों के स्विच बोर्ड कैबिनेट (SBC) के HT कंपार्टमेंट – NET फ्यूज क्षेत्र में चूहों के प्रवेश को रोकने हेतु मल्टी डायमीटर हैलोजन फ्री EPDM मॉड्यूल के साथ केबल ट्रांजिट एंट्री सीलिंग तथा फुल-प्रूफ प्रोटेक्शन सिस्टम की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। **अनुमानित लागतः** 42,35,290/- **ईएमडी / बिड सिक्योरिटीः** 84,700/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 24.12.2025 को 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 24.12.2025 को 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखेंः www.ireps.gov.in 0834

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**खाता : जल अभियंता विभाग**

क्रमांक : कार्य.अभि. (परि.) ज.मा.का./ 5330 / दिनांक : 25/11/2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा नीचे उल्लिखित विषय से संबंधित कार्यों के लिए इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा वितरण एवं बिक्री की तिथि और समय, तथा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय का विस्तृत विवरण बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट **http://portal.mcgm.gov.in** तथा महाटेंडर वेबसाइट **http://mahatenders.gov.in** पर "निविदा अवलोकन" अंतर्गत प्रकाशित/अपलोड किया गया है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | निविदा का विषय |
|---|---|---|
| 1 | 2025_MCGM_1249400_1<br>बिक्री दिनांकः 27.11.2025 समय – प्रातः 11:00 से<br>अंतिम दिनांकः 04.12.2025 समय – दोपहर 12:00 बजे तक | सहायक अभियंता, जलकार्य पश्चिम उपनगर दक्षिण-2 के अधिकार क्षेत्र में सहकार नगर, पेपर बॉक्स एवं मुळगांव डोंगरी पंपिंग स्टेशन पर उपलब्ध पंपों का 2 वर्षों के लिए संचालन एवं नियमित रखरखाव (बिना व्यापक मरम्मत) करने के संबंध में।" |

इच्छुक निविदाकार विस्तृत जानकारी के लिए महाटेंडर पोर्टल http://mahatenders.gov.in एवं बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in पर अवश्य देखें।

हस्ता/-
पीआरओ/2396/विज्ञा./2025-26
कार्यकारी अभियंता (परि.) ज. मा.का.

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई- निविदा नोटिस**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज़ संख्या | बोली संख्या 2025_MCGM_1252228-1 |
| संस्था का नाम | टीबी हॉस्पिटल्स का ग्रुप, सिवड़ी |
| विषय | जीटीबी हॉस्पिटल्स, सिवड़ी में अलग-अलग जगहों पर स्पिट एसी की SITC. |
| निविदा की कीमत | 3630+ (18.0% GST) |
| ई-निविदा की कीमत (अनुमानित कीमत) | निविदा का आइटम रेट |
| बोली सुरक्षा डिपॉज़िट/ EMD | Rs 23200.00 |
| निविदा जारी करने और बेचने की तारीख | 27.11.2025 को 11:00 बजे से |
| निविदा बेचने और बोली सुरक्षा जमा मिलने की आखिरी तारीख और समय | 03.12.2025 को 16:00 बजे तक |
| पैकेट A और पैकेट B खोलना | 05.12.2025 को 11:00 बजे के बाद |
| बातचीत का पता | ऑफिसः -चिकित्सा अधीक्षक, GTB हॉस्पिटल, जेरबाई वाडिया रोड, सिवड़ी, मुंबई-400015 |
| बिड खोलने की जगह | चिकित्सा अधीक्षक के ऑफिस में ऑनलाइन। |

हस्ता/-
पीआरओ/ 2404 /विज्ञा./2025-26
चिकित्सा अधीक्षक, GTBH

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।



**मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**

ई निविदा सूचना क्र एलसीएफ–डीआर–जीएस–499–2025–19 दिनांक 25.11.2025 उप मुख्य विद्युत अभियंता दादर (निर्माण), तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के सामने, दादर 400028 – मुंबई (पश्चिम), कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये प्रतिष्ठीत ठेकोदारो से क्रिस वैबसाइट पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित की जाती हैः **1. कार्य का नाम तथा स्थानः** मध्य रेलवे के संपूर्ण मुंबई मंडल में एचटी/एलटी विद्युत उल्लंघनों को हटाने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थानांतरण, संशोधन, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग की आवश्यकता है। **2. कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 27,44,89,932/– (सत्ताईस करोड़ चौवालीस लाख नवासी हजार नौ सौ बत्तीस रुपये मात्र) **3. जमा कराये जाने वाली बयाना राशिः** ₹15,22,500/– (पंद्रह लाख बाईस हजार पांच सौ रुपये मात्र) **4. कार्य पूर्ण करने का अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से 12 (बारह) महीना तक (मानसून सहित) **5. निविदा पप्रत्र की लागतः** ०० (शून्य) **6. ऑफर की वैधताः** निविदा खुलने के 90 दिन तक । **7. पूरी जानकारी के लिए वैबसाइट, नोटिस बोर्ड का स्थानः** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज क्रिस कि वैबसाइट पता **www.ireps.gov.in** से देखे जा सकते हैं। **8. निविदा भरने की तारीख तथा समयः** निविदा दस्तावेज ऑनलाइन दिनांक 18.12.2025 समय 15 बजे 00: तक या पहले भरी जा सकती है। **9. निविदा खोलेने तारीख तथा समयः** निविदा इस कार्यालय मे 15:00 बजे दिनांक 18.12.2025 को खोली जाएगी। **नोटः** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लेना चाहिए। 691

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**निर्माण कार्य**

**ई निविदा सूचना क्र.16–2025–SrDENCO** मध्य रेल कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से दिनांक को बजे तक निम्नलिखित कार्यों के लिये ई निविदा आमंत्रित करते है. **01. कार्य का नामः** 1-Construction of quarters in lieu of old quarters at SUR (Type-III 08 units & TypeIV 06 units) under ADEN/W/SUR sub division. 2-Construction of quarters in lieu of old quarters at WD(type-III 04 unit ),SDB (RB-II 4 units & type-III 02 unit), MR (TypeII 04 units) & NGS (Type-II 04 units) under ADEN/KLBG & ADEN/W/SUR sub division. 3-Construction of New quarters at SUR (Type-III 08 units), WDS (type-II 04 units), MA (type-II 04 units) & MVE (type-II 04 units) under ADEN/W/SUR. 4-Construction of New quarters at HG (type-II 8 units & type-III 2 unit), DUD (type-II 4 units) & AKOR (type-II 4 units) under ADEN/W/SUR. **02. अनुमानित लागत रु.:** Rs. 14,98,52,129.99 **03. बयाना रक्कमः** Rs. 8,99,300.00 **04. समापन की अवधीः** 12(Twelve) Months **05. अनुरक्षण की अवधीः** 24(Twenty Four) Months **06. ई निविदा फार्म की किमतः** Nil **07. वेबसाइट ई निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तरिख और समयः** 16.12.2025 up to 15.00 hrs. **08. वेबसाइट ई निविदा खोलने की तरिख और समयः** 16.12.2025 after 15.30 hrs. **09. वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in **नोटः** संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा बंद होने की तिथि से पहले इस वेबसाइट पर बार–बार जाएं ताकि इस निविदा वेबसाइट के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र को नोट कर सकें: www.ireps.gov.in ANJ-67

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्यों**

**ई–निविदा (ओपन टेंडर) सूचना संख्या CR04-CME-C-HQ-2025-GCMC दिनांकः 22–11–2025** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मध्य रेलवे, 6वीं मंजिल, नई प्रशासनिक भवन, डी. एन. रोड, सीएसएमटी, मुंबई 400 001, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, आईआरईपीएस वेबसाइट (ई–टेंडर पोर्टल): **www.ireps.gov.in** (दो पैकेट प्रणाली में) पर ई–टेंडरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैंः **कार्य का नामः** मध्य रेल के लिए जीसीएमसी कोच केयर कॉम्प्लेक्स, पुणे का उन्नयन/विकास वंदे भारत ट्रेन रखरखाव सह कार्यशाला डिपो के रूप में, जिसमें: **सिविल कार्य** (पिटलाइन पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी प्रणाली, मौजूदा IOH शेड तथा कार्यालय की इमारत का विस्तार, शेड के अंदर RCC फर्श, रोड संपर्क, ओवरहेड टैंक), **यांत्रिक कार्य** (मैकेनिकल कार्य (मशीनरी और संयंत्र वस्तुओं और उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग) **विद्युत (G) कार्य** (EPC समझौते की अनुसूची–बी के अनुलग्नक –I में दिए गए कार्य के दायरे के अनुसार) **विद्युत (TRD) कार्य** शेड्स एवं भवनों का सामान्य विद्युतीकरणय मौजूदा 1.8 टीकेएम ओएचई (ओवरहेड उपकरण) का डिस्मेंटलिंग: रिट्रैक्टेबल ओवरहेड कंडक्टर–रेल सिस्टम का डिजाइन, आपूर्ति, फाउंडेशन/सपोर्टिंग स्ट्रक्चर सहित खड़ा करना (इरेक्शन), स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। और **सिग्नलिंग एवं दूरसंचार कार्य** (EPC) समझौते की अनुसूची–बी के अनुलग्नक–I में दिए गए कार्य के दायरे के अनुसार) **निविदा मूल्यः** रु. 98,95,81,222.42 **बोली सुरक्षाः** रु. 50,97,900.00 **निविदा फॉर्म की लागतः** लागू नहीं (जीसीसी अप्रैल 2022 के पृष्ठ 4 के खंड 3 के अनुसार) **प्रस्ताव की वैधताः** निविदा खुलने की तारीख से 180 दिन। **पूर्णता अवधिः** 18 (अठारह) महीने, मानसून सहित। **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धताः** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध। **निविदा जमा करने और खोलने की तिथि एवं समयः** सभी तरह से विधिवत पूर्ण ई–निविदाएं, अपेक्षित दस्तावेजों के साथ, उपर्युक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से 06.01.2026 को 11.00 बजे तक अपलोड की जानी चाहिए। निविदा (केवल तकनीकी बोली) उसी दिन 16.00 बजे के बाद ऑनलाइन खोली जाएगी। **संयुक्त उद्यम फर्मः** संयुक्त उद्यम (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। **निविदाकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण नोट्सः 1.** निविदा केवल ई–निविदा के माध्यम से होगी। सभी इच्छुक निविदाकारों को पहले आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के साथ पंजीकरण करना होगा। **2.** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव जमा करने से पहले, उन्हें नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड आदि के बारे में निविदा विवरण का संदर्भ लेना चाहिए। **3.** समय–समय पर जारी किए गए निविदा दस्तावेज और शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परिवर्तन, यदि कोई हो, तो निविदा के खुलने से कम से कम 15 दिन पहले इस वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। **किसी भी अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें:** ADME (कैरिज एंड वैगन/जीसीएमसी), पुणे (फील्ड यूनिट), मध्य रेलवे, किसी भी कार्य दिवस पर 10.00 बजे से 17.30 बजे के बीच। **नोटः** यदि ई–निविदा सूचना के तहत किसी भी प्रकार के शब्दों, नियमों और शर्तों आदि में हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों के बीच कोई अंतर है, तो उस स्थिति में, ई–निविदा सूचना का अंग्रेजी संस्करण अंतिम माना जाएगा और लागू होगा। 685

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## संपादकीय

# शहादत का स्मरण

भले ही श्रीलंकाई संकट के समाधान हेतु भारतीय शांति सेना को श्रीलंका भेजा जाना तत्कालीन सरकार का फैसला रहा हो, लेकिन वास्तव में भारतीय सैनिक राष्ट्र के हितों और सैन्य दायित्वों के लिये ही लड़े थे। इस फैसले का उद्देश्य श्रीलंकाई तमिलों के हितों की रक्षा और उनके न्यायसंगत पुनर्वास के लिये पहल करना भी रहा है। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि भारतीय शांति सेना यानी आईपीकेएफ के पूर्व सैनिकों में इस बात को लेकर लंबे समय से रोष व्याप्त रहा है कि आईपीकेएफ सैनिकों के बलिदान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। अब सरकार व सेना ने इस कमी को पूरा करने की दिशा में कम से कम एक पहल तो की है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर परमवीर चक्र विजेता मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करना, इस दिशा में एक महत्वपूर्ण क्षण था। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस बाबत श्रद्धांजलि संदेश प्रेषित किया है। भले ही शीर्ष अधिकारियों द्वारा की गई यह पहल एक प्रतीकात्मक सुधार हो, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया सार्थक कदम है। हालांकि देर से ही सही, ये प्रयास श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान शहीद हुए 1,171 भारतीय सैनिकों को उचित सम्मान देने में रही एक कमी को दूर करने का प्रयास कहा जा सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस युद्ध में करीब तीन हजार से ज्यादा सैनिक घायल भी हुए थे। इससे पूर्व कई वीर सैनिकों को वीरता पदक से सम्मानित भी किया जा चुका है। लेकिन एक टीस के साथ कहा जाता रहा है कि यह अकसर भुला दिया जाने वाला युद्ध रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोलंबो में भारतीय शांति रक्षक सेना और पलाली में 10-पैरा के शहीदों के लिये स्मारक का निर्माण किया गया था। यह विडंबना ही है कि आईपीकेएफ के पूर्व सैनिक, शहीदों की विधवाएं और उनके परिजन राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर निजी स्तर पर स्मरणोत्सव आयोजित करते रहे हैं। निश्चित ही देश के हितों के लिये चलाये गए किसी भी सैन्य अभियान में शहीद हुए सैनिकों को सामान्य युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की तरह पर्याप्त सम्मान मिलना चाहिए। दरअसल, ऑपरेशन पवन में शहीद हुए सैनिकों के परिजन और युद्ध में भाग लेने वाले जवान भी उन्हें पर्याप्त सम्मान दिए जाने की आस लंबे समय से रखते रहे हैं। वर्षों से उनकी मांग रही है कि साल 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम और वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में मनाये जाने वाले खास दिनों की तरह 'ऑपरेशन पवन' की याद में भी एक विशेष दिन की घोषणा की जानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर शहीद सैनिकों के परिजनों की एक टीस उन्हें दशकों से सालती रही है। चूंकि ऑपरेशन पवन में शहीद हुए कई सैनिकों का अंतिम संस्कार या दफनाने की प्रक्रिया विदेशी धरती पर पूरी हुई थी, इसलिए उनके परिजन शहीद सैनिकों के अवशेषों को वापस भारत लाने की नीति को सुव्यवस्थित करने की मांग करते रहे हैं। वे एक ऐसे आयोग के गठन की भी मांग करते रहे हैं जो शहीद सैनिकों के पार्थिव अवशेष को वापस भारत लाने की नीति को तार्किक बना सके। उनकी मांग रही है कि उन अवशेषों को भारत लाकर आईपीकेएफ का एक स्मारक बनाकर, उसमें सम्मान के साथ स्थानांतरित किया जाना चाहिए। निस्संदेह, किसी भी देश के वीर शहीदों के स्मारक सामूहिक स्मृति के प्रतीक होते हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सशस्त्र बलों द्वारा दिए गए बलिदान के लिये एक सम्मान और स्मरण स्थल के रूप में चिरस्थायी श्रद्धांजलि के रूप में होते हैं। निर्विवाद रूप से इस बहुप्रतीक्षित मांग को हकीकत में बदलने के लिये चाहे कितनी भी जटिलताएं क्यों न हो, सैनिकों के पराक्रम और बलिदान को कम करके आंकने का कोई बहाना नहीं होना चाहिए। यदि हम वीर सैनिकों के बलिदान को समुचित सम्मान देते हैं तो इससे तमाम सैनिकों का मनोबल बढ़ेगा। इस दिशा में अविलंब सार्थक पहल किया जाना वक्त की जरूरत ही है।

# आईएएस अधिकारी के बच्चे आईएएस नहीं बनना चाहते?



प्रियंका सौरभ
रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार




जब प्रशासन बदलता है दिशा—क्यों भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे उसी राह पर कम चलते हैं? भारतीय प्रशासनिक सेवा को समाज में सम्मान और शक्ति का प्रतीक माना जाता है, परंतु इसके भीतर छिपी कठोर वास्तविकताएँ अक्सर परिवारों के जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं। तेज़ स्थानांतरण, राजनीतिक दबाव, सीमित निजी समय और निरंतर सार्वजनिक अपेक्षाएँ नई पीढ़ी को इस सेवा से दूर करती हैं। साथ ही, बच्चों को उपलब्ध व्यापक शिक्षा और वैश्विक अवसर उन्हें विविध करियर चुनने की स्वतंत्रता देते हैं। यही कारण है कि आज भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे उसी राह पर कम चलते हैं और जीवन–संतुलन तथा रचनात्मक स्वतंत्रता आधारित नए करियर को प्राथमिकता देते हैं।

भारत में प्रशासनिक सेवा को लंबे समय से शक्ति, प्रतिष्ठा और राष्ट्र-निर्माण के सर्वोच्च प्रतीकों में गिना जाता रहा है। समाज में आज भी "भारतीय प्रशासनिक सेवा" एक ऐसा नाम है जो सम्मान, अधिकार और सफलता की सम्मिलित छवि बनाता है। किंतु विडंबना यह है कि जिन परिवारों ने इस प्रतिष्ठा को बहुत निकट से देखा है, वही परिवार—विशेषकर भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे—बहुत कम संख्या में उसी पेशे की राह अपनाते हैं। यह प्रश्न केवल सामाजिक जिज्ञासा भर नहीं है; यह प्रशासनिक जीवन की कठोर सच्चाइयों, बदलते समय और नई पीढ़ी की मनोवृत्ति का गहरा संकेत है।

सबसे पहले, भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे उस सेवा की वास्तविक कठिनता को प्रतिदिन देखते हैं जिसे बाहरी दुनिया केवल प्रतिष्ठा के आवरण में देखती है। अनिश्चित और तेज़ स्थानांतरण, राजनीतिक दबाव, जनता की अपेक्षाओं का अंतहीन बोझ, अवकाश का अभाव और निरंतर संघर्ष—इन सभी का प्रभाव परिवार के जीवन पर प्रत्यक्ष रूप से पड़ता है। नई पीढ़ी जिसके लिए मानसिक स्वतंत्रता और कार्य–जीवन संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है, वह ऐसी सेवा की ओर आकृष्ट नहीं होती जहाँ व्यक्तिगत समय और निजी जीवन लगभग समाप्त हो जाता है।

दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है—आर्थिक सुरक्षा। भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अपने बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा, उत्कृष्ट वातावरण और व्यापक अवसर प्रदान करने में सक्षम होते हैं। ऐसे में बच्चों के लिए सरकारी सेवा प्राप्त करने का संघर्ष किसी अनिवार्यता के स्थान पर एक अतिरिक्त बोझ जैसा प्रतीत होने लगता है। संघ लोक सेवा आयोग की कठिन, अनिश्चित और समयसाध्य परीक्षा उनके लिए आवश्यक विकल्प नहीं, बल्कि एक चुनौतीपूर्ण यात्रा जैसी लगती है। इसलिए उनकी राहें निजी क्षेत्र, तकनीकी क्षेत्र, अनुसंधान, विधि-विज्ञान या उद्यमिता की ओर अधिक मुड़ जाती हैं—जहाँ आय अधिक है, स्वतंत्रता अधिक है और स्थानांतरण या राजनीतिक दबाव जैसी चुनौतियाँ कम हैं।

तीसरी सच्चाई यह है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के भीतर की जो प्रशासनिक सीमाएँ हैं—फाइलों का व्यवहार, विवश निर्णय, भ्रष्ट तंत्र का दबाव—वे सब इन परिवारों के बच्चे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करते हैं। जब वे देखते हैं कि उनके माता-पिता कई बार अपनी इच्छा के अनुसार निर्णय नहीं ले पाते, तो यह उनके भीतर प्रशासनिक सेवा की "शक्ति" को कम प्रभावी रूप में प्रस्तुत करता है। समाज इसे चाहे जितना सम्मानजनक माने, परिवार के भीतर इसका वास्तविक चित्र कई बार निराशाजनक होता है। चौथा पहलू है—नई पीढ़ी की मूल्य-दृष्टि। आज की युवा पीढ़ी सरकारी पदों की स्थिरता से अधिक वैश्विक अवसरों, रचनात्मक स्वतंत्रता, डिजिटल माध्यमों पर आधारित करियर और नव–उद्यम संस्कृति की ओर आकर्षित है। वे जोखिम उठाने को तैयार हैं, परंतु बंधी-बंधाई व्यवस्था में रहना नहीं चाहते। भारतीय प्रशासनिक सेवा जैसी सेवा जहाँ नियम कठोर हैं, प्रक्रिया विस्तृत है और ऊर्जा का बड़ा भाग व्यवस्था को संचालित रखने में व्यतीत होता है—वहाँ उन्हें अपनी क्षमता का पूर्ण विस्तार नहीं दिखाई देता।

यह भी उल्लेखनीय है कि स्वयं अनेक भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अपने बच्चों को इस सेवा में आने के लिए प्रोत्साहित नहीं करते। वर्षों की थकान, संघर्ष और भारी दबाव के बाद वे अपने बच्चों के लिए अधिक संतुलित, स्वतंत्र और अपेक्षाकृत शांत जीवन की कल्पना करते हैं। यह माता-पिता की सहज मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति है, और बच्चों के करियर चयन को गहराई से प्रभावित करती है।

यह पूरा परिदृश्य एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन की ओर संकेत करता है। वह समय अब समाप्त हो रहा है जब भारतीय प्रशासनिक सेवा को करियर का सबसे उत्कृष्ट विकल्प माना जाता था। आज अनेक प्रतिष्ठित और प्रभावी करियर उपलब्ध हैं जिनमें स्वतंत्रता, रचनात्मकता, सम्मान और आय—सब कुछ प्रचुर मात्रा में है। इस परिवर्तित परिदृश्य ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के आकर्षण को कुछ हद तक कम किया है, विशेष रूप से उन परिवारों में जिन्होंने इसकी चमक के पीछे की कठोर थकान को निकट से महसूस किया है।

फिर भी यह सत्य है कि यह रुझान प्रशासनिक सेवा की महत्ता को कभी समाप्त नहीं करता। भारतीय प्रशासनिक सेवा देश की प्रशासनिक रीढ़ है और इसमें आने वाले युवा राष्ट्र को दिशा देने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंतर केवल इतना है कि अब इस सेवा की राह वही चुनता है जो इसे मन से अपनाना चाहता है—न कि वह जो सामाजिक दबाव या मजबूरी में प्रवेश करता है।

## जीवन मंत्र

# जो जानवरों के प्रति क्रूर है, वह मनुष्यों के प्रति भी कठोर होता है

जानवरों के प्रति हमारा रवैया यह बताता है कि हमारे भीतर करुणा का कितना भाव है। एक संवेदनशील हृदय अनायास ही सभी जीवों में ईश्वर का अंश देखता है और उनके दुःख को अपना दुःख मानकर व्यवहार करता है।

मनुष्य के हृदय की वास्तविक कोमलता या कठोरता उसके व्यवहार से झलकती है, और यह व्यवहार सबसे अधिक स्पष्ट रूप से तब दिखाई देता है जब वह उन प्राणियों के साथ कैसा व्यवहार करता है, जो स्वयं अपने लिए कुछ नहीं कह सकते। जानवरों के प्रति हमारा रवैया यह बताता है कि हमारे भीतर करुणा का कितना भाव है। एक संवेदनशील हृदय अनायास ही सभी जीवों में ईश्वर का अंश देखता है और उनके दुःख को अपना दुःख मानकर व्यवहार करता है। इसके विपरीत, एक कठोर हृदय उन प्राणियों पर अत्याचार करता है जो न तो प्रतिकार कर सकते हैं और न ही अपनी बात कह सकते हैं।

जो व्यक्ति जानवरों के प्रति क्रूर होता है, उसके भीतर दया का वह स्वाभाविक गुण नहीं मिलता, जो किसी भी मनुष्य के महान बनने की पहली शर्त है। दया, करुणा और सहानुभूति जैसे गुण तभी पनपते हैं जब हम कमजोर, असहाय और निर्बल प्राणियों की रक्षा करते हैं। यदि कोई जानवरों पर बिना कारण अत्याचार करता है, तो यह उसके भीतर की भावनात्मक कठोरता, असंवेदनशीलता और अंदर छिपी हुई हिंसा को दर्शाता है। ऐसा व्यक्ति अक्सर मनुष्यों के प्रति भी कठोर, कठोर-वचन बोलने वाला और दिल से दूर रहने वाला होता है।



जानवर केवल जीव नहीं हैं; वे संवेदनशील प्राणी हैं, जिन्हें भूख, दर्द, भय, और प्रेम—सबका अनुभव होता है। जो व्यक्ति इसे समझ लेता है, उसके भीतर नैतिकता और मानवता रच-बस जाती है। किन्तु जो इसे नहीं समझता, वह अपनी स्वार्थप्रियता और निर्दयता के कारण धीरे-धीरे अपने ही मानव मूल्य खोने लगता है। यह वही व्यक्ति है जो अवसर आने पर मनुष्यों के प्रति भी वही कठोरता और हिंसा दिखाता है, जो वह जानवरों के साथ करता है।

समाज में हमें ऐसे अनगिनत उदाहरण मिलते हैं, जहाँ किसी व्यक्ति के स्वभाव का पता उसके जानवरों के प्रति व्यवहार से चलता है। जो लोग जानवरों को मारते, सताते या उनका मज़ाक बनाते हैं, वे अक्सर मनुष्यों को भी कमतर समझने लगते हैं। उनके भीतर 'सहानुभूति' का स्थान 'शक्ति प्रदर्शन' ले लेती है, और धीरे-धीरे यह स्वभाव रिश्तों, परिवार और समाज के प्रति उनके व्यवहार में भी दिखाई देने लगता है।

इसके विपरीत, जो लोग जानवरों की रक्षा करते हैं, उन्हें भोजन देते हैं, उनके दर्द को समझते हैं, वे मनुष्य के दुःख को भी उतनी ही सहजता से समझ लेते हैं। उनकी सहानुभूति और करुणा केवल एक वर्ग तक सीमित नहीं होती, बल्कि सभी प्राणियों तक फैलती है। ऐसे लोगों के हृदय में प्रेम और दया स्थायी रूप से बस जाते हैं, और यह गुण उन्हें समाज में श्रेष्ठ और आदरणीय बनाता है।

अंततः, जानवरों के प्रति हमारा

## जीवन ऊर्जा

हरिवंश राय बच्चन : जन्म- 27 नवंबर 1907 देहवसान

# जो बीत गई सो बात गई

हरिवंश राय बच्चन (27 नवम्बर 1907 – 18 जनवरी 2003) हिंदी भाषा के एक कवि और लेखक थे। वे हिन्दी कविता के उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवियों में से एक थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति मधुशाला है। भारतीय फिल्म उद्योग के अभिनेता अमिताभ बच्चन उनके सुपुत्र हैं। उनका निधन 18 जनवरी 2003 के दिन, साँस की बीमारी के कारण, मुम्बई में हुआ था।

बीते हुए क्षणों पर बार-बार सोचने से न तो वे बदलते हैं, न ही उनका कोई व्यावहारिक उपयोग रह जाता है। जीवन का प्रवाह उसी दिशा में बढ़ता है जहाँ वर्तमान हमें ले जाता है, इसलिए अतीत की घटनाओं में उलझे रहना केवल मन को थका देता है।

हम में से कई लोग अक्सर गलतियों, पछतावों या दुखों को अपने हृदय से लगाकर बैठे रहते हैं। ऐसा करने से हमारा वर्तमान बोझिल हो जाता है, और भविष्य के रास्ते धुंधले पड़ने लगते हैं। "जो बीत गई सो बात गई" हमें यह सीख देता है कि बीते समय को पकड़कर रखने से हमारी ऊर्जा सिर्फ व्यर्थ होती है। बीती हुई बातों को जाने देना कमजोरी नहीं, बल्कि एक बड़ी मानसिक शक्ति का संकेत है, क्योंकि इसके लिए मन का विस्तार और आत्म-स्वीकृति आवश्यक होती है।



यह पंक्ति क्षमा और स्वयं को मुक्त करने की भी शिक्षा देती है। जब हम अतीत की चोटों को पकड़े रहते हैं, तो हम अपने ही मन में कैद हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही हम उन घटनाओं को छोड़ना सीखते हैं, मन हल्का और स्वतंत्र होने लगता है। यह छोड़ना दूसरों के लिए नहीं, बल्कि अपने लिए होता है—ताकि हम शांति और संतुलन के साथ आगे बढ़ सकें। जो बीत चुका है, वह जीवन की पाठशाला का एक अध्याय था, अब उसके आगे नए अध्याय लिखने की बारी है। साथ ही यह वाक्य जीवन में सकारात्मकता का मार्ग भी दिखाता है। यदि हम अतीत की असफलताओं को भूलकर वर्तमान में अपने प्रयासों पर ध्यान दें, तो हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। सफलता उन्हीं को मिलती है जो गिरकर उठते हैं, हँसकर आगे बढ़ते हैं, और बीते हुए कल को आज के रास्ते में बाधा नहीं बनने देते। हर नया दिन एक नई शुरुआत का अवसर होता है, और उसे तभी गले लगाया जा सकता है जब मन अतीत की पकड़ से मुक्त हो।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# कलियुग के प्रथम जगद्गुरु एवं युगल उपासना प्रवर्तक

भगवान श्रीकृष्ण के धराधाम से प्रस्थान के लगभग तीस वर्ष बाद कलियुग का आरंभ हो गया था और वह चारों ओर अपना तांडव प्रारम्भ कर रहा था। उसी समय निकुंजेश्वरी श्रीराधारानी और निकुंजाधिपति भगवान श्रीकृष्ण की आज्ञा से उनके प्रिय आयुध श्री सुदर्शनचक्र, जो रंगदेवी सखी के रूप में निकुंज में युगल सरकार की सेवा में विराजमान थे, वे दक्षिण भारत के तेलंग देश के वैदुर्यपत्तनम् क्षेत्र के मुंगी पैठन (वर्तमान महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित मुंगी पैठन) में महर्षि अरुण मुनि एवं जयंती माता के घर बालक 'नियमानंद' के रूप में अवतरित हुए।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

बालक नियमानंद ने बाल्यावस्था में ही वेद–पुराणों को कंठस्थ कर लिया था। तीर्थाटन के लिए आए ब्रजवासियों के साथ वे ब्रज क्षेत्र में पधारे और गोवर्धन के निकट निम्ब ग्राम (वर्तमान में नीम गाँव) में विराजमान हुए। वहीं से वे प्रतिदिन गोवर्धन की परिक्रमा करते और नारदकुंड पर अपने प्रिय गुरुदेव, हंस सम्प्रदाय (वर्तमान में निम्बार्क सम्प्रदाय) के तृतीय आचार्य जगद्गुरु श्री नारदजी महाराज से युगल रसोपासना का उपदेश प्राप्त करते थे।

विचार कीजिए—जिस समय कलियुग अपना विस्तार कर रहा था, उस काल में न शंकराचार्यजी, न रामानन्दाचार्यजी, न रामानुजाचार्यजी, न माध्वाचार्यजी और न वल्लभाचार्यजी जैसे महान भगवदीय आचार्य धरती पर अवतरित हुए थे। ऐसे समय में श्री सुदर्शन चक्र के अवतार श्री निम्बार्क भगवान ने रसोपासना की ऐसी गंगा प्रवाहित की कि कलियुग में भी सतयुग के दर्शन होने लगे। बड़े-बड़े सिद्ध-संत उनके सामने नतमस्तक होते और उनके शिष्य बनते थे। उनमें त्रेतायुग से तपस्यारत गौरमुखाचार्यजी, औदुंबर फल से प्रकट हुए औदुंबराचार्यजी, लक्ष्मण भट्टाचार्यजी तथा शक्त से वैष्णव बने शंखावतार श्रीनिवासाचार्यजी प्रमुख थे, जो आगे चलकर निम्बार्क सम्प्रदाय के पंचम आचार्य जगद्गुरु बने।



जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्यजी ने ही ब्रज की चौरासी कोस परिक्रमा प्रारम्भ करवाई और लुप्त हो चुकी शंख–चक्र की तप्त मुद्रा वाली वैष्णव दीक्षा को द्वारिकापुरी में पुनः आरम्भ करवाया। निम्बार्क भगवान के प्राकट्य से पूर्व धरती पर केवल भगवान श्रीकृष्ण की आराधना होती थी; राधारानी सहित युगल उपासना का शुभारंभ भी उन्होंने ही किया।

यदि निम्बार्क भगवान का प्राकट्य न हुआ होता, तो रसोपासना की दीक्षा हेतु सनातन धर्मावलंबियों को हित हरिवंश महाप्रभु के अवतरण की प्रतीक्षा करनी पड़ती।

कलियुग के प्रथम जगद्गुरु स्वयं निम्बार्क भगवान ही हैं तथा कलियुग में प्रथम दिग्विजय यात्रा निकालने वाले भी वे ही थे। निम्बार्क सम्प्रदाय में अन्य सम्प्रदायों की भाँति अनेक पीठें नहीं हैं। यहाँ केवल एक ही मूल पीठ है, जिस पर आचार्य चरण विराजमान होते हैं, जिन्हें जगद्गुरु निम्बार्काचार्य अथवा जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर कहा जाता है।

निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर का चयन पूर्ववर्ती आचार्य करते हैं, किंतु वास्तव में इस पीठ पर कौन विराजेंगे—इसका निर्णय निकुंज में स्वयं युगल सरकार करते हैं। वे अपनी सेवा में संलग्न किसी सखी को धराधाम पर भेजते हैं, जो आगे चलकर निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर बनती हैं। बाद के आचार्यों ने अपनी लीला द्वारा अपने दिव्य स्वरूप में भक्तों को स्वयं श्रीजी के दर्शन कराए, इसलिए निम्बार्क पीठ के आचार्यों को "श्री श्रीजी महाराज" कहा जाने लगा।

पूर्वकाल में निम्बार्क पीठ नीम गाँव में स्थित थी, जो बाद में राजस्थान में पुष्कर तीर्थ के निकट सलेमाबाद गाँव में आ गई।

## शख्सियत — सुरेश रैना

# क्रिकेट का रन-मशीन रैना



सुरेश रैना (जन्म 27 नवंबर 1986) एक भारतीय पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने भारतीय पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के साथ-साथ एम.एस. धोनी की अनुपस्थिति में आईपीएल की चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खेला। उन्होंने घरेलू क्रिकेट सर्किट में उत्तर प्रदेश (यूपी) के लिए प्रतिनिधित्व किया।

वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। भारत के साथ अपने करियर के दौरान उन्होंने 2011 क्रिकेट विश्व कप और 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। उन्होंने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा, जब 2010 टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली।

रैना का जन्म 27 नवंबर 1986 को उत्तर प्रदेश के मुरादनगर में एक कश्मीरी पंडित परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता मूल रूप से जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर शहर के एक उपनगर रैनावाड़ी से थे। रैना के पिता त्रिलोकचंद रैना एक सैन्य अधिकारी थे, जो एक आयुध कारखाने में बम बनाते थे, जबकि उनकी माँ परवेश रैना एक गृहिणी थीं। उन्होंने एक बोर्डिंग स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और 1998 में गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में पढ़ने के लिए लखनऊ चले गए। रैना ने वाणिज्य में स्नातक किया और वेल्स विश्वविद्यालय, चेन्नई से डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी प्राप्त की।

रैना एक आक्रामक मध्यक्रम के बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उनका पसंदीदा स्कोरिंग क्षेत्र लेग साइड में मिड विकेट है। वह अक्सर इनसाइड आउट ऑफ ड्राइव शॉट खेलते हैं। इनसाइड आउट शॉट मारते समय वह अपने लिए जगह बनाते हैं। वह लेग साइड में विशेष रूप से मजबूत हैं, जहाँ वे फ्लिक, पुल और स्लॉग स्वीप जैसे कई शॉट खेलते हैं। शॉर्ट-पिच गेंदों के खिलाफ उन्हें कमजोरी रही है और उनके करियर भर विरोधी टीमों ने इसका लाभ उठाने की कोशिश की। रणजी ट्रॉफी में भी वे शॉर्ट गेंदों के खिलाफ संघर्ष करते रहे और इसी कमजोरी के लिए उन्हें काफी आलोचना मिली। वह एक अंशकालिक ऑफ ब्रेक गेंदबाज भी हैं।

अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अलावा रैना एक असाधारण क्षेत्ररक्षक हैं। उनकी चपलता, तेज सजगता और सटीक थ्रो उन्हें एक उत्कृष्ट फील्डर बनाते हैं। वह अक्सर इनर रिंग में तैनात रहते हैं, रन बचाते हैं और महत्वपूर्ण रन-आउट करते हैं। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने अपनी 'शीर्ष क्षेत्ररक्षकों' की सूची में सुरेश रैना को नंबर 1 स्थान दिया है।

## अपने विचार

बिहार विधानसभा चुनावों में भोजपुरी गायकों ने जो हाल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का किया। वैसे ही ये 'बहादुर' मानुस मनसे की ताबूत में आख़िरी कील ठोंक के रहेंगे।



-संजय निरुपम,
नेता, शिवसेना(शिंदे)

बीजेपी मेरे खेल में मुझसे लड़ नहीं सकती, मुझे हरा नहीं सकती।अगर BJP ने बंगाल में मुझ पर हमला करने की कोशिश की, तो मैं पूरे भारत में उसकी नींव हिला दूंगी। चाहे जितनी एजेंसियां लगा दो, चाहे पूरी केंद्र सरकार की ताकत लगा दो, मेरे साथ खेल नहीं पाओगे।



-ममता बनर्जी सीएम,
पश्चिम बंगाल

सुशासन बाबू का विकास मॉडल। करोड़ों लोगों के मसीहा लालू प्रसाद यादव का अपमान करना पहली प्राथमिकता। घर से तो निकाल देंगे, बिहार की जनता के दिल से कैसे निकालिएगा। सेहत नहीं तो कम से कम लालू जी के राजनीतिक कद का ही सम्मान रखते।



-रोहिणी आचार्य,
नेता, आरजेडी

शिंदे गुट 'गैरकानूनी कृत्यों' में शामिल लोगों को बढ़ावा दे रहा है। वे गुंडों की तरह काम कर रहे हैं और लोगों पर दबाव बना रहे हैं। मेरी बेटी को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है।



-रक्षा खडसे,
सांसद, भाजपा

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस



**ठाणे।** ठाणे में जिलाधिकारी कार्यालय में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जहां जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल सहित उपस्थित अधिकारियों ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस अवसर पर निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने ने संविधान दिवस के महत्व, भारतीय संविधान की विशेषताओं और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में नागरिकों की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया, साथ ही संविधान मूल्यों को जीवन और कार्यक्षेत्र में लागू कर पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, उपजिलाधिकारी रूपाली भालके, वैशाली माने, शशिकांत गायकवाड़, वरुणकुमार सहारे, जिला माइनिंग अधिकारी विवेक घुले, तहसीलदार सचिन चौधरी, संदीप भोसले, अमोल कदम, उपजिलाधिकारी किशोर जाधव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मध्य रेल पर संविधान दिवस का आयोजन

मुंबई। मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक प्रतीक गोस्वामी ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की हेरिटेज बिल्डिंग के फोयर में संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ का नेतृत्व किया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस पाठ के माध्यम से सभी ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को बनाए रखने की अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाए जाने की स्मृति में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इसी के तहत मध्य रेल के विभिन्न मंडलों और कारखानों में भी प्रस्तावना का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया।

### तीन ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव

मुंबई। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर अस्थायी रूप से अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, 10 दिसंबर 2025 को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली 19019 बांद्रा टर्मिनस–हरिद्वार एक्सप्रेस अब चांपानेर रोड और खरसालिया स्टेशनों पर एक-एक मिनट रुकेगी, जबकि हरिद्वार से उसी दिन प्रस्थान करने वाली 19020 हरिद्वार–बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस भी इन दोनों स्टेशनों पर निर्धारित समयानुसार ठहरेगी। इसके अलावा, 1 दिसंबर 2025 को अहमदाबाद से चलने वाली 19418 अहमदाबाद–बोरीवली एक्सप्रेस को बाजवा स्टेशन पर दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव दिया गया है।

### पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस एवं अजमेर के बीच स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के लिए बांद्रा टर्मिनस एवं अजमेर के बीच स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित किये गये हैं।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर (साप्ताहिक) स्पेशल को 29 दिसंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को 28 दिसंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

निकाय चुनाव

# एक्शन मोड में उपमुख्यमंत्री शिंदे

### वणी, पांढरकवड़ा और घाटंजी नगर परिषदों के चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री शिंदे ने की सभाएं

डीबीडी संवाददाता | यवतमाल



विदर्भ के वणी, पांढरकवड़ा और घाटंजी नगर परिषदों के चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वणी और पांढरकवड़ा में भव्य सभाएं कीं।, इस सभा में सबसे बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुई, शिवसेना ने हमेशा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। वणी नगर परिषद चुनाव के लिए शिवसेना की ओर से नगराध्यक्ष पद पर कुमारी पायल तोडसाम सहित 29 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पांढरकवड़ा नगर परिषद चुनाव में शिवसेना के नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवार डॉ. अभिनय नहाते मैदान में हैं और यहां कुल 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं जिनमें 12 महिलाएँ शामिल हैं। घाटंजी नगर परिषद में गजानन ढवळे नगराध्यक्ष पद से मैदान में हैं और उनके साथ 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं जिनमे भी कई महिलाए शामिल है। एकनाथ शिंदे की प्रचार सभा में महिलाओं की ताकत सबसे ज्यादा नजर आ रही है, प्रचार सभा के दौरान शिवसेना के मंत्री संजय राठोड़ और सभी प्रमुख पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### एमआईडीसी की मंजूरी

एकनाथ शिंदे ने सभा के दौरान कहा की जनता की समस्याओं के समाधान में हम बहाने नहीं देते, सीधे निर्णय लेते हैं। पांढरकवड़ा की बेरोजगारी दूर करने के लिए यहाँ एमआईडीसी दी जाएगी। इसी विषय पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल से ही उद्योग मंत्री उदय सामंत को फोन कर जानकारी ली और मंत्री सामंत ने फोन पर तुरंत आश्वासन दिया की एमआईडीसी तत्काल मंजूर की जाएगी। एकनाथ शिंदे ने लोगो से आव्हान किया की उनके उमीदवारो को जित दिलाए ताकि विकास की गति तेजी से बढ़ सके।

#### विदर्भ से क्रिकेट खेलने वाली हमारी उम्मीदवार विपक्ष का लेगी विकेट

विपक्ष पर निशाना साधते हुए एकनाथ शिंदे जी ने कहा की विपक्ष हमेशा से लाड़ली बहन योजना के विरोध में रहा लेकिन हमने इस योजना को बंद होने नहीं दिया बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे है और वणी का विकास ही शिवसेना का संकल्प है। साथ ही विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा की पायल तोडसाम विदर्भ से क्रिकेट खेलती हैं और 2 दिसंबर को वह विपक्ष की विकेट गिराएंगी।

#### वणी को प्रदूषणमुक्त बनाने का संकल्प

वणी को प्रदूषण मुकत करने का संकल्प इस दौरान एकनाथ शिंदे की तरफ से लिया गया साफ़ तोर पर देखा गया की उन्होंने भरी सभा में प्रदूषण नियामक बोर्ड के अध्यक्ष सिद्धेश कदम को फ़ोन कर प्रदूषण रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए कहा और उस पर सिद्धेश कदम ने आश्वाशन दिया की जल्द से जल्द उपाय योजना की जाएगी। एकनाथ शिंदे ने इस दौरान यह भी कहा की कोयला खदानों और परिवहन से बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए वणी में स्थायी समाधान किया जाएगा और शहर को पूरी तरह प्रदूषणमुक्त बनाया जाएगा।

## एमएसआरटीसी बस हादसे में 50 वर्षीय महिला ने खोया पैर

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने दिलाया 47 लाख मुआवज़ा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र में लगभग सात वर्ष पहले हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे का न्याय आखिरकार अब सामने आया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एमएसआरटीसी) की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल द्वारा दिए गए मुआवज़े के आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने ट्रिब्यूनल के निर्णय को सही ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि दावेदार कुंदा बलिराम मोरे का जीवन जिस प्रकार इस दुर्घटना ने बदल दिया, उसके लिए निर्धारित मुआवजा न्यायसंगत ही नहीं, बल्कि आवश्यक भी है। कुंदा मोरे, जिनकी उम्र आज पचास वर्ष है, 28 अप्रैल 2018 को एमएसआरटीसी की बस से सफर कर रही थीं। उनका कहना है कि जिस बस में वह बैठी थीं, वह पूरी तरह ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए चल रही थी, लेकिन सामने से तेज रफ्तार में आई एमएसआरटीसी की ही दूसरी बस ने उनकी बस को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उन्हें गंभीर चोटें आईं। इन चोटों ने उनका जीवन हमेशा के लिए बदल दिया—उनका दाहिना पैर घुटने के नीचे से काटना पड़ा। दुर्घटना के बाद मोरे न केवल शारीरिक रूप से असमर्थ हो गईं, बल्कि उनका रोज़गार भी छिन गया। रायगढ़ जिले के श्रीवर्धन स्थित सोनी हाई स्कूल में वह चपरासी के पद पर काम करती थीं, लेकिन दिव्यांगता के कारण वह अपना काम जारी नहीं रख सकीं और अंततः उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी। ट्रिब्यूनल ने इसी गहरी क्षति को ध्यान में रखते हुए उनके मामले में 60 प्रतिशत ऑक्यूपेशनल डिसेबिलिटी माना और 47 लाख 66 हजार 182 रुपये के मुआवज़े का आदेश दिया। एमएसआरटीसी ने इस फैसले को चुनौती देते हुए तर्क दिया था कि दिव्यांगता का प्रतिशत बढ़ा-चढ़ाकर आंका गया है, लेकिन हाई कोर्ट ने ट्रिब्यूनल द्वारा दर्ज किए गए तर्कों और चिकित्सा संबंधी साक्ष्यों को देखने के बाद कहा कि ट्रिब्यूनल ने अपने निष्कर्ष ठोस आधार पर दिए हैं।

# मदार–पालनपुर सेक्शन में 9 घंटे का ब्लॉक, कई ट्रेनें प्रभावित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

उत्तर पश्चिम रेलवे के मदार–पालनपुर सेक्शन में आउवा और भिंवालिया स्टेशनों के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए शुक्रवार, 28 नवंबर 2025 को 9 घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि इस ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

### कुछ ट्रेनें निरस्त, कुछ परिवर्तित मार्ग से संचालित होंगी



ब्लॉक के कारण ट्रेन संख्या 14822 साबरमती–जोधपुर एक्सप्रेस (यात्रा प्रारंभ 28 और 29 नवंबर) तथा ट्रेन संख्या 14821 जोधपुर–साबरमती एक्सप्रेस (यात्रा प्रारंभ 27 और 28 नवंबर) निरस्त रहेंगी। वहीं ट्रेन संख्या 20943 बांद्रा टर्मिनस–भगत की कोठी एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 20496 हड़पसर–जोधपुर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग महेसाणा–भीलडी–लूनी के रास्ते चलाया जाएगा और दोनों ट्रेनों का भीलडी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

#### कई ट्रेनें रीशेड्यूल या रेगुलेट की जाएंगी

ब्लॉक अवधि के कारण ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर–बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस को 5 घंटे रीशेड्यूल किया जाएगा। ट्रेन संख्या 14707 हनुमानगढ़–दादर एक्सप्रेस को 2 घंटे 30 मिनट, ट्रेन संख्या 19223 साबरमती–जम्मू तवी एक्सप्रेस को 2 घंटे 15 मिनट और ट्रेन संख्या 19031 साबरमती–योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस को 1 घंटे 15 मिनट रीशेड्यूल किया जाएगा। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 20944 भगत की कोठी–बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस को भगत की कोठी और मारवाड़ स्टेशन के बीच 30 मिनट रेगुलेट किया जाएगा।

## उत्तर महाराष्ट्र में डॉ. श्रीकांत शिंदे ने संभाली प्रचार की कमान

### शिवसेना का जनसैलाब, डॉ. शिंदे बोले–चारों तरफ महायुति के ही उम्मीदवार

डीबीडी संवाददाता | नंदुरबार

उत्तर महाराष्ट्र में शिवसेना की लहर लगातार मजबूत होती दिख रही है। शिवसेना के युवा नेता डॉ. श्रीकांत शिंदे की सभाओं में बड़ी संख्या में 'लाड़ली बहनों' और युवाओं की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। डॉ. शिंदे ने आज उत्तर महाराष्ट्र से अपने चुनाव प्रचार का आगाज किया। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार ने महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं, जिसके चलते आज राज्य की लाड़ली बहनें आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कई विपक्षी नेता 'लाड़ली बहना योजना' के खिलाफ थे, लेकिन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में यह योजना लागू की गई और इसे बंद नहीं किया जाएगा।

#### मराठी स्कूलों को बंद करने की अफवाह पर स्पष्टीकरण



सभा में मौजूद शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने मराठी स्कूल बंद होने की खबरों को पूरी तरह खारिज किया। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि महाराष्ट्र में एक भी मराठी स्कूल बंद नहीं होगी और इस तरह की खबरें सिर्फ अफवाह हैं। अपने भाषण के अंत में डॉ. श्रीकांत शिंदे ने जनता से अपील की कि वे शिवसेना और महायुति के उम्मीदवारों को भारी संख्या में मतदान करें। उन्होंने कहा कि शिवसेना विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है, जबकि विपक्ष के पास न तो मुद्दे हैं और न ही विज़न, इसलिए ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखना ही बेहतर है। अपने संबोधन में डॉ. श्रीकांत शिंदे ने उबठा और विपक्ष पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग केवल आलोचना करना जानते हैं, लेकिन जनता के लिए उन्होंने कभी कोई ठोस काम नहीं किया। इसी कारण आज हर जगह महायुति के उम्मीदवारों को जनता का समर्थन मिल रहा है। डॉ. शिंदे ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना महाराष्ट्र के हर कोने तक पहुंची है। नगर विकास विभाग उनके पास होने से पिछड़े गांवों को रिकॉर्ड स्तर पर निधि मिली है और ग्रामीण विकास की गति तेज हुई है।

## महापारेषण में संविधान दिवस मनाया गया

### अधिकारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) में संविधान दिवस समारोह के तहत भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार (भा.प्र.से.) की उपस्थिति में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। इस अवसर पर संचालक (प्रकल्प) अविनाश निंबाळकर, संचालक (वित्त) तृप्ति मुधोळकर, मुख्य अभियंता श्रीमती जुईली वाघ, अमित नाईक, मुख्य महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) नागसेन वानखेडे, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजू गायकवाड, महाप्रबंधक (वित्त व लेखा) सीमा डुबेवार, मुख्य विधि सलाहकार विजय पाटील, मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी भरत पाटील, उपमुख्य दक्षता अधिकारी किशोर पाटील, प्रशांत गोरडे, शिष्टाचार अधिकारी सतिश जाधव सहित विभिन्न विभागों के कई अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पश्चिम रेलवे पर मनाया गया 76वां संविधान दिवस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे में राष्ट्र के 76वें संविधान दिवस का आयोजन 26 नवंबर 2025 को उत्साहपूर्वक किया गया। यह दिवस 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की ऐतिहासिक स्मृति में मनाया जाता है। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने चर्चगेट स्थित मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया।

### प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता अभियान



मुंबई सेंट्रल स्थित जगजीवन राम अस्पताल में अस्पताल स्टाफ के आश्रितों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही रेलवे सेकेंडरी स्कूल, वलसाड में वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों में संविधान के प्रति जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों का प्रसार करना रहा।

#### मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर विशेष कार्यक्रम

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं मंडल स्तर पर संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ प्रस्तावना का वाचन किया, जिससे संविधान दिवस का संदेश व्यापक स्तर पर पहुँचा।

## ठाणे मनपा में मनाया गया संविधान दिवस

**ठाणे।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर, ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के तत्वावधान में, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करके संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। इस मौके पर एडिशनल कमिश्नर प्रशांत रोडे, डिप्टी कमिश्नर जी.जी. गोडेपुरे, पी. डिप्टी इन्फॉर्मेशन पब्लिक रिलेशन्स ऑफिसर प्राची डिंगांकर और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं। संपति के कार्य लाभ देंगे। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें।

**वृष** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी का पूर्ण ध्यान रखें। रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति होगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कानूनी विवादों का निपटारा होगा।

**मिथुन** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। व्यापार अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। सोच-समझकर व्यय करें।

**कर्क** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कानूनी बाधा दूर होगी। प्रसन्नता रहेगी। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएँगे। काम के प्रति लापरवाही न करें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग व समर्थन मिलेगा। लाभ होगा।

**सिंह** प्रसन्नता रहेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। अधूरे पड़े कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। प्रयास व सहयोग से अनुकूलता आएगी। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पिता से मतभेद हो सकते हैं।

**कन्या** प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। पुरानी लेनदारी वसूल होगी। यात्रा सफल रहेगी। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है। व्यापारिक निर्णय लेने में देरी नहीं करना चाहिए। लाभ होगा।

**तुला** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। फालतू खर्च होगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएँगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। रिश्तेदारों से भेंट हो सकेगी। दूसरों की आलोचना, निंदा से दूर रहें।

**वृश्चिक** नई योजनाओं का सूत्रपात होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक समस्याओं का हल आपके माध्यम से हो सकेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों पर अतिविश्वास न करें।

**धनु** प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा। अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। प्रमाद न करें। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होंगी।

**मकर** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश, यात्रा व नौकरी लाभ देंगे। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। इच्छित काम पूर्ण हो सकेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य की समस्या सुलझेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**कुंभ** मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएँ। धन लाभ होने की भी संभावना है। बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सीमित रहें।

**मीन** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नए प्रस्ताव प्राप्त होंगे। सुखद यात्रा के योग हैं। रचनात्मक काम होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आलस्य को त्यागें। अपने कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है।

## समृद्धि के छुपे हुए द्वार और घर की अदृश्य उर्जाओं की दिव्य यात्रा




प्रियंका जैन
9769994439



काले तिल सदियों से शनि और राहु के दोष को शांत करने के लिए प्रयोग किए जाते रहे हैं। हर परिवार में कभी न कभी अनावश्यक खर्च बढ़ जाता है, धन आते-आते अटक जाता है, और घर में एक ऐसा माहौल बन जाता है जहाँ लगता है कि जैसे कोई अदृश्य शक्ति धन को ठहरने ही नहीं देती। ऐसे समय में परिवार के सभी सदस्यों के सिर पर काले तिलों को सात बार उतारकर घर की उत्तर दिशा में फेंक देना वह प्रक्रिया है जो उस अदृश्य नकारात्मक ऊर्जा को घर के बाहर कर देती है। उत्तर दिशा कुबेर की दिशा है—धन की। इसलिए तिलों का नकारात्मक भार इस दिशा की पवित्रता में विरघुलित होकर समाप्त हो जाता है।

हर घर में कभी न कभी ऐसा दौर आता है जब मनुष्य को स्वयं भी समझ नहीं आता कि क्यों अचानक आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। ऐसे समय सोने का चौरस सिक्का घर में रखना पृथ्वी तत्व को मजबूत करता है। कुत्ते को दूध देना पितरों की शांति का माध्यम बनता है, और मोर का पंख कमरे में रखने से राहु का प्रभाव शांत होता है। यह तीनों साधारण-से लगने वाले उपाय मिलकर उस अदृश्य अवरोध को तोड़ते हैं जो किसी को बिना कारण आर्थिक संकट में घसीटता रहता है।

जब किसी की प्रगति शुरू होती है तो उसके साथ एक और चीज़ जागती है—ईर्ष्या। मित्र भी विरोधी हो जाते हैं, परिवार के लोग अप्रसन्न हो जाते हैं, और अनजानी बाधाएँ रास्ते में आने लगती हैं। ऐसे समय में प्रातःकाल सात बार हनुमान बाण का पाठ वह कवच बन जाता है जो मनुष्य को भीतर से निर्भीक कर देता है। पाँच लौंगों को कपूर के साथ जलाने पर जो धुआँ उठता है वह वातावरण की नकारात्मकता को खींच कर जला देता है। उस भस्म से जब तिलक किया जाता है, तो वह साधक के चारों ओर एक प्रचंड शक्ति-क्षेत्र बना देता है जिसे कोई भी शत्रु, नज़र, बाधा या जादू भेद नहीं सकता। यह उपाय न केवल रक्षा करता है, बल्कि मनोकामनाओं को पूरा करने का मार्ग भी खोल देता है। यही कारण है कि प्राचीन काल के साधक इसे विजय-तिलक भी कहते थे।

न्यूज़ ब्रीफ

## लखनऊ में यूपीपीसीएल निविदा कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ।** यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीएल) के शक्ति भवन मुख्यालय के बाहर निविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बुधवार सुबह से सड़क पर बैठ-प्रदर्शन कर मार्ग जाम कर दिया। सैकड़ों कर्मचारियों ने दरी बिछाकर प्रदर्शन किया, जिससे आम लोगों की आवाजाही बाधित रही। कर्मचारियों का आरोप है कि 10–11 हजार रुपये वेतन पर कठिन ड्यूटी करने के बावजूद उन्हें हटाने की तैयारी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी उदासीनता और विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ नारे लगाए। स्थिति नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया और सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया। अधिकारी कर्मचारियों से बातचीत कर हालात सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शन जारी है।

## कारसेवकों की स्मृति में बनेगा स्मारक : आलोक कुमार

**अयोध्या।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने घोषणा की है कि राम मंदिर परिसर में कारसेवकों की स्मृति में एक विशेष स्मारक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले तीन महीनों में इस स्मारक का निर्माण शुरू हो जाएगा।आलोक कुमार ने कहा कि राम मंदिर के लिए अनेक रामभक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। 1990 के आंदोलन में गोलियों का सामना कर पांच कारसेवक शहीद हुए थे। उनकी वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए यह स्मारक स्थापित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने राम मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या के विशाल मंदिर निर्माण की भी घोषणा की। ये मंदिर भगवान राम के जीवन और शिक्षा में इन महापुरुषों के योगदान को समर्पित होंगे। विहिप अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि मंदिर निर्माण केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि हिन्दुओं की सामूहिक शक्ति और संघर्ष की विजय है। उन्होंने अशोक सिंघल का भी स्मरण किया, जिनकी दूरदर्शिता और प्रयासों के चलते भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य संभव हो सका।

## वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप : आगरा के छात्र रमन दिखाएंगे दम

**आगरा।** जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, इटौरा (आगरा) के छात्र रमन कुमार और व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप-2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने को कोलंबो, श्रीलंका रवाना हो गए हैं। यह प्रतियोगिता 28 से 30 नवंबर तक आयोजित होगी, जिसमें 40 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कक्षा 11 के रमन कुमार सब-जूनियर 56 किग्रा भार वर्ग में और हरीश चंद्र सीनियर 77 किग्रा भार वर्ग में भारत का नाम रोशन करेंगे। दोनों का चयन हाल ही में गुजरात के मैसाना और सूरत में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर हुआ। रमन कुमार ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि हरीश चंद्र ने डेड लिफ्ट में गोल्ड मेडल के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयन गर्व की बात है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। विभाग के उपनिदेशक जे राम ने कहा कि विद्यालय का अनुशासन और प्रशिक्षण खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुंचाने का प्रमाण है।

# शारदा नदी में गिरी कार, सिंचाई विभाग के पांच कर्मियों की मौत

एजेंसी । लखीमपुर खीरी

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें सिंचाई विभाग के पाँच कर्मचारियों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब विभाग के कर्मचारी रात में ड्यूटी से लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में शारदा नदी के पास बने सायफन में जा गिरी। कार के गिरते ही पानी तेजी से अंदर भर गया, जिससे पाँच कर्मचारियों की मौके पर ही डूबने से मौत हो गई। घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर घटनास्थल की ओर दौड़ लगाई और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व बचाव दल ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और कार में फंसे चालक को किसी तरह बाहर निकाल लिया। चालक की हालत गंभीर है और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका इलाज जारी है। हादसे की जानकारी मिलते ही पूरे विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक कर्मचारियों की पहचान और उनके परिवारों को सूचना देने की प्रक्रिया प्रशासन की देखरेख में चल रही है। बताया जा रहा है कि सभी कर्मचारी अपनी नियमित ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे, तभी यह दर्दनाक घटना हुई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



### बारात से लौटते समय हुआ हादसा

पढ़ुआ थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के अनुसार सभी कर्मचारी एक समारोह में शामिल होकर अपने कार्यस्थल गिरजापुरी बैराज लौट रहे थे। रास्ते में ड्राइवर को झपकी आ जाने से वाहन पर नियंत्रण हट गया और कार सीधे सायफन के गहरे पानी में समा गई। स्थानीय लोगों ने आवाज सुनकर तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### पांच शव बरामद, चालक घायल

पुलिस तथा स्थानीय गोताखोरों की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया। कार में फंसे पांच कर्मचारियों—जितेंद्र, घनश्याम, अजीमुल्ला, लालजी और सुरेंद्र—को मृत अवस्था में बाहर निकाला गया। वहीं चालक बब्लू को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# तैयार हो गया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट




एजेंसी । गौतमबुद्ध नगर

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उड़ानों के संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है और जल्द ही यात्रियों के लिए खोलने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) की टीम ने सोमवार और मंगलवार को दो दिन तक हवाई अड्डे का सुरक्षा निरीक्षण किया और सभी सुरक्षा मानकों का पूरा परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने हवाई अड्डे के हर पहलू की जाँच की, जिसमें सुरक्षा उपकरणों, बैगेज जांच प्रणाली, एयरसाइड टर्मिनल भवन, रनवे और आपातकालीन सेवाओं की जांच शामिल थी। नोएडा एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि BCAS टीम ने न केवल तकनीकी उपकरणों और सिस्टम की जाँच की, बल्कि सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती और उनकी सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन का भी मूल्यांकन किया। इसके अलावा, टीम ने आग, मेडिकल इमरजेंसी और सुरक्षा संबंधित अन्य आपातकालीन व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में कोई बड़ी कमी नहीं पाई गई और एयरपोर्ट मानकों के अनुरूप है। BCAS टीम की रिपोर्ट जल्द ही नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) को सौंप दी जाएगी। DGCA द्वारा इस रिपोर्ट के अनुमोदन के बाद ही नोएडा एयरपोर्ट को आधिकारिक रूप से एयरोड्रम लाइसेंस जारी किया जाएगा।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस पलटी

एजेंसी । नोएडा

दिल्ली से बनारस जा रही एक डबल डेकर बस मंगलवार देर रात यमुना एक्सप्रेस-वे पर पलट गई। थाना दनकौर क्षेत्र में जीरो प्वाइंट से करीब 13 किलोमीटर दूर हुई इस दुर्घटना में 24 यात्री घायल हुए हैं। घायल यात्रियों में से 14 को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य को मामूली चोटों के बाद प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार, बस अनियंत्रित होकर पलटी। हादसे के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हाईवे से हटाकर सड़क किनारे लगाया, जिससे यातायात सुचारू हुआ। पुलिस ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए यात्री हैं – आदर्श पंडित, विनय सिंह, विनोद कुमार, महेंद्र सिंह, अशोक यादव, सचिन सिंह, मनोज कुमार, सक्षम और छह महिला यात्री सुप्रिया, अरिभा, नसरीन बानो, दीपाली राय, शशि और सामरा। घटना के बाद बस ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है।

# आधी रात अज्ञात वाहन ने ली दो युवकों की जान

एजेंसी । मीरजापुर

चुनार कोतवाली क्षेत्र के सहसपुरा गांव के पास वाराणसी–मीरजापुर मार्ग पर बीती रात सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना लगभग रात साढ़े बारह बजे की बताई जा रही है। अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान चुनार के सोनउर गांव निवासी 28 वर्षीय दीपक कुमार सिंह पुत्र शिवदत्त सिंह तथा अदलहाट क्षेत्र के परशुरामपुर निवासी 27 वर्षीय अजय पटेल पुत्र शिवकुमार सिंह के रूप में हुई है। हादसे में अजय के साथ बाइक पर बैठे खजुरौल के विक्रांत और परशुरामपुर के रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया।



### तीन साल पहले हुई थी इकलौते भाई की शादी

दीपक के चचेरे भाई अविनाश कुमार द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार सभी युवक अदलहाट में एक वैवाहिक समारोह से लौटकर सोनउर वापस जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक दीपक अपने परिवार में दो बहनों के बीच अकेला भाई था और उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व हुई थी। वह विद्युत विभाग में मीटर रीडिंग का कार्य करता था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है ।

# सरकार ने निभाया वादाः शहीद एसआई के बेटे इमदाद को मिली नौकरी

एजेंसी । सारण

छपरा–जम्मू सीमा पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए बीएसएफ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के परिवार को बिहार सरकार ने संवेदनशीलता के साथ बड़ा सहारा दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आश्वासन के अनुरूप शहीद के पुत्र मोहम्मद इमदाद रजा को अनुकंपा के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति दी गई। आज जिलाधिकारी अमन समीर ने मोहम्मद इमदाद रजा को नियुक्ति पत्र सौंपा। जिला प्रशासन ने शहीद परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की थी। शहीद इम्तियाज का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नारायणपुर में मुस्लिम रीति-रिवाज और राजकीय सम्मान के साथ किया गया था।

### दो भाई भी बीएसएफ में सेवारत



शहीद अपने पीछे पत्नी, दो बेटों और दो बेटियों सहित पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की कोशिश कर रहे हैं। शहीद के तीन भाइयों में से दो वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल (BSF) में सेवा दे रहे हैं, जबकि एक भाई नागरिक जीवन में है। पूरे गाँव और क्षेत्र में शहीद की शहादत पर गर्व और सम्मान की भावना व्याप्त है। ग्रामीण उनके साहस और देशभक्ति के लिए उन्हें नमन कर रहे हैं और परिवार के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त कर रहे हैं। शहीद परिवार के लिए सरकारी नौकरी मिलने से निश्चित रूप से आर्थिक और सामाजिक संबल मिला है, जो इस दुख की घड़ी में परिवार के लिए राहत का कारण बनी। यह नियुक्ति न केवल परिवार की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगी, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा और भविष्य की तैयारी में भी मददगार साबित होगी।

# ऑक्सीजन की कमी से व्यापारी की मौत

एजेंसी । फर्रुखाबाद

नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ऑक्सीजन की कमी के कारण 40 वर्षीय परचून व्यापारी नन्हे गुप्ता की मौत होने के बाद जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ को सभी सरकारी अस्पतालों के ऑक्सीजन प्लांट की जांच का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात व्यापारी नन्हे गुप्ता की तबीयत बिगड़ी। परिजन उन्हें नवाबगंज CHC लेकर पहुंचे, लेकिन इमरजेंसी ड्यूटी पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। फार्मासिस्ट ने केवल पांच मिनट ऑक्सीजन दी और उन्हें उच्च स्तर के इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं थी और देर रात लापरवाही के कारण उनका परिजन बचाया नहीं जा सका। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अम्बरेश कुमार ने बताया कि व्यापारी की मौत के मामले में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है और जांच रिपोर्ट आने के बाद CHC प्रभारी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन व्यवस्था की समीक्षा के साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश भी दिया है। मामले ने नवाबगंज और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




# सहालग के सीजन में सोना–चांदी के दाम उछले

एजेंसी । नई दिल्ली

देशभर के सर्राफा बाजारों में मंगलवार को सोना और चांदी दोनों के दामों में तेज़ी देखी गई। बढ़ती खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजार के मजबूत रुख के बीच 24 कैरेट सोना विभिन्न महानगरों में 1,27,050 से 1,27,200 प्रति 10 ग्राम के दायरे में पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,16,460 से 1,16,610 प्रति 10 ग्राम पर बना हुआ है। चांदी भी आज चमक बिखेर रही है। दिल्ली में इसकी कीमत उछलकर 1,67,100 प्रति किलोग्राम दर्ज की गई, जिससे व्यापारी और निवेशकों में उत्साह देखने को मिला।



### प्रमुख शहरों में सोने का ताज़ा भाव

दिल्ली की बात करें तो 24 कैरेट सोना 1,27,200 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट – 1,16,610 प्रति 10 ग्राम रहा। इसी तरह मायानगरी अर्थात मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,27,050 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट 1,16,460 प्रति 10 ग्राम रहा। अहमदाबाद में 24 कैरेट 1,27,100 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट – 1,16,510 प्रति 10 ग्राम, चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,27,050 और 22 कैरेट सोना 1,16,460 प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिका।

### दक्षिण भारत में भी मजबूती

भोपाल, पटना, जयपुर और लखनऊ में भी सोने की कीमतें लगभग समान रहीं, जहां 24 कैरेट सोना 1,27,100 से 1,27,200 और 22 कैरेट सोना 1,16,510 से 1,16,610 प्रति 10 ग्राम के दायरे में बिक रहा है। कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजारों में भी रुझान मजबूत रहा। बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,27,050 प्रति 10 ग्राम, जबकि 22 कैरेट सोना 1,16,460 प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा।

# ग्लोबल मार्केट में पॉजिटिव माहौल, एशियाई बाजारों में तेज़ी

एजेंसी । नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय संकेतों के मजबूत होने से वैश्विक शेयर बाजारों में मंगलवार को सकारात्मक रुख देखने को मिला। अमेरिका, यूरोप और एशिया—तीनों ही क्षेत्रों में निवेशकों की खरीदारी का रुझान बना हुआ है। रूस-यूक्रेन तनाव में कमी की उम्मीद और फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दर कटौती के संकेतों ने बाजारों में भरोसा बढ़ाया है।

### अमेरिकी बाजारों में मजबूत क्लोजिंग



पिछले सत्र में वॉल स्ट्रीट के प्रमुख सूचकांकों ने बढ़त के साथ कारोबार समाप्त किया। S&P 500 0.93% चढ़कर 6,767.17 अंक पर बंद हुआ। नैस्डैक 0.71% (162.34 अंक) की तेजी के साथ हरे निशान पर रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स शुरुआती कारोबार में 0.21% उछलकर 47,209.62 अंक पर पहुंच गया। विशेषज्ञों के अनुसार, ब्याज दरों में संभावित कटौती से टेक और ग्रोथ शेयरों में तेज़ी के संकेत मजबूत हुए हैं।

### एशियाई बाजारों में चौतरफा तेजी

मंगलवार को एशिया के 9 में से 8 प्रमुख बाजार तेजी में कारोबार कर रहे हैं। केवल शंघाई के सेट कंपोजिट इंडेक्स में हल्की गिरावट देखी गई, जो 0.07% फिसलकर 1,267.87 अंक पर ट्रेड कर रहा है। तेजी वाले प्रमुख एशियाई सूचकांकों में गिफ्ट निफ्टी 1% उछलकर 26,304 अंक, स्ट्रेट्स टाइम्स 0.58% बढ़कर 4,511.43 अंक, कोस्पी 2.03% की दमदार छलांग के साथ 3,936.15 अंक, निक्केई 1.68% चढ़कर 49,478 अंक, ताइवान वेटेड 1.46% की तेजी के साथ 27,304.30 अंक, हैंग सेंग 0.65% उछलकर 26,065 अंक, जकार्ता कंपोजिट 0.40% बढ़कर 8,555.67 अंक और शंघाई कंपोजिट 0.14% की मामूली बढ़त के साथ 3,875.48 अंक पर रहा।

### यूरोपीय बाजारों में भी बढ़त जारी

पिछले सत्र में यूरोप के प्रमुख सूचकांक लगातार मजबूती के साथ बंद हुए। FTSE 0.78% बढ़कर 9,609.53 अंक, CAC 0.82% चढ़कर 8,025.80 अंक और DAX 0.96% की छलांग के साथ 23,464.63 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, यूरोजोन में आर्थिक संकेतकों के स्थिर रहने का असर सकारात्मक रूप से निवेशकों की धारणा पर पड़ा। वैश्विक संकेतों में सुधार और संभावित नीतिगत ढील के अनुमान से दुनिया भर के बाजारों में तेजी बने रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि भू–राजनीतिक तनाव में स्थिरता बनी रहती है, तो इक्विटी मार्केट्स में निकट भविष्य में और मजबूती देखने को मिल सकती है।

# खरीफ सीजन में चावल का रिकॉर्ड उत्पादन

एजेंसी । नई दिल्ली

खरीफ 2025-26 के लिए कृषि मंत्रालय द्वारा जारी पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार देश में इस बार चावल का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर 12.45 करोड़ टन तक पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 1.4% की वृद्धि दर्शाता है। समग्र रूप से खरीफ सीजन में कुल अनाज उत्पादन 17.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के 16.95 करोड़ टन से अधिक है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में अधिक वर्षा से फसलों पर असर पड़ा, लेकिन देश का बड़ा हिस्सा सामान्य से बेहतर मानसून का लाभ उठाने में सफल रहा।

### मक्का और मोटे अनाज में बढ़ोतरी का अनुमान



मंत्रालय के अनुसार खरीद 2025–26 में मक्के का उत्पादन 283 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले सीजन के 248 लाख टन से अधिक है। मोटे अनाज का उत्पादन 414 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है। दलहन और तिलहन क्षेत्र में कमी की आशंका है। सरकार जहां दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य रखे हुए है, वहीं इस बार इन फसलों के उत्पादन में गिरावट के संकेत मिले हैं। दलहन उत्पादन 74 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले साल 77 लाख टन था। तूर और उड़द दोनों में मामूली गिरावट दर्ज हो सकती है। तिलहन उत्पादन 275.6 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 280.2 लाख टन था। सोयाबीन का उत्पादन 10 लाख टन कम होने की संभावना जताई गई है, हालांकि मूंगफली का उत्पादन बढ़कर 110.9 लाख टन होने की उम्मीद है।

# तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में धमाकेदार वापसी

एजेंसी । नई दिल्ली

लगातार तीन सत्रों की कमजोरी के बाद घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को जबरदस्त वापसी की। शुरुआती कमजोरी के बावजूद बाजार खुलने के तुरंत बाद निवेशकों की जोरदार लिवाली के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने तेज रुख पकड़ा और कारोबार के अंत में ऑल-टाइम हाई के नजदीक बंद हुए। कारोबार समाप्त होने पर सेंसेक्स 1,022.50 अंक चढ़कर 85,609.51 पर और निफ्टी 320.50 अंक बढ़कर 26,205.30 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से संभावित ब्याज कटौती की उम्मीद, विदेशी निवेशकों की खरीदारी, दिग्गज शेयरों का मजबूत प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने बाजार को प्रमुख समर्थन दिया।



### सभी सेक्टर हरे निशान में, मेटल में सबसे अधिक तेजी

दिनभर के कारोबार में सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त में रहे। मेटल इंडेक्स में सबसे मजबूत उछाल दर्ज हुआ, जो 2% से अधिक चढ़ा। बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी और ऑयल एवं गैस शेयरों में भी ठोस खरीदारी देखने को मिली। ब्रॉडर मार्केट में भी तेजी बनी रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 1.32% और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.23% की बढ़त में बंद हुआ।

### निवेशकों की संपत्ति में साढ़े पांच लाख करोड़ की उछाल

बाजार में आए इस उछाल से निवेशकों की कुल संपत्ति में 5.46 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप बढ़कर 474.87 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) हो गया, जो पिछले सत्र के 469.41 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। सुबह सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 84,503.44 पर खुला था, लेकिन लिवाली बढ़ते ही सूचकांक में तेज उछाल आया और यह एक समय 1,165 अंक तक चढ़ गया।

# स्टार्टअप्स सहायता योजनाः आवेदन 30 नवंबर

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारतीय स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता और निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से नई योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत स्टार्टअप्स को शुरुआती निवेश, अनुसंधान एवं विकास (R&D) फंड और तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए स्टार्टअप्स को अपनी परियोजना विवरणिका और व्यावसायिक योजना तैयार कर 30 नवंबर 2025 तक आवेदन जमा करना होगा।

### साउथ अफ्रीका का 25 साल का सूखा खत्म

# हार्मर की फिरकी में फंसे भारतीय बल्लेबाज

- भारत 408 रनों के अंतर हारा
- बवुमा का ऐतिहासिक क्लीन स्वीप

एजेंसी | गुवाहाटी

बर्सापाड़ा स्टेडियम में बुधवार का सूरज टीम इंडिया पर कहर बनकर टूटा। 549 रनों के असंभव से लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत महज 140 रन पर ढेर हो गया। नतीजा—408 रनों से शर्मनाक हार, जो भारतीय टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी रन अंतर की पराजय बन गई। दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज 2-0 से जीतकर 25 साल बाद भारत के खिलाफ पहली बार टेस्ट क्लीन स्वीप कर डाला।

मैच के 5वें और आखिरी दिन बुधवार को टीम इंडिया ने 2 विकेट पर 27 रन से आगे शुरुआत की थी। हार्मर ने एक ही ओवर में पहले कुलदीप यादव (5) और फिर ध्रुव जुरेल (2) को आउट किया। इसके बाद आए कप्तान ऋषभ पंत ने केशव महाराज के एक ही ओवर में चौका-छक्का लगाकर प्रभुत्व बनाने की कोशिश की, लेकिन हार्मर की एक अचानक उछली गेंद ने पंत (13) के बल्ले के हैंडल का किनारा लेकर उन्हें भी पवेलियन वापस लौटा दिया। साई सुदर्शन इस दौरान पिच पर जमे रहे, लेकिन रन नहीं बना सके। सुदर्शन ने छठे विकेट के लिए जडेजा के साथ 37 रन जोड़े, जिसमें सारा योगदान जडेजा का ही था।

आखिर में सुदर्शन का धैर्य मुथुसामी ने तोड़ा और मार्करम के हाथों कैच कराकर साउथ अफ्रीका के लिए इस बड़ी दीवार को तोड़ दिया। सुदर्शन ने 139 गेंद में 14 रन बनाए। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर (16) और जडेजा ने सातवें विकेट के लिए 35 रन जोड़े। जडेजा ने छक्के के साथ अपने 50 रन पूरे किए। उन्हें महाराज ने स्टंप कराया और इसके बाद मैच में महज औपचारिकता ही शेष बची थी। आखिर में मोहम्मद सिराज के छक्के के लिए मारे गए शॉट को यानसेन ने जबरदस्त कैच में बदलकर मैच को खत्म कर दिया और अपनी टीम को 2-0 से क्लीन स्वीप दिला दी।

**हार्मर की 'खूंखार फिरकी', भारत का बिखराव**




दक्षिण अफ्रीकी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने भारतीय बल्लेबाजों को ठीक उसी तरह जकड़ा, जैसे ठंडी रात में धुंध रास्ते को जकड़ता है। उन्होंने 6/37 के लाजवाब आंकड़े के साथ भारत को ध्वस्त कर दिया। भारत की ओर से केवल रवींद्र जडेजा (53) ने संघर्ष की तस्वीर पेश की, बाकी बल्लेबाज मानो स्कोरबोर्ड पर केवल उपस्थिति दर्ज कराने आए थे।

### बवुमा बने 'विजय रथ' के नए सारथी

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बवुमा ने टेस्ट इतिहास में एक और अध्याय जोड़ दिया। अब उनके नाम 12 में 11 जीत, लगातार सबसे अधिक जीत दर्ज करने वाले कप्तान बनने का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने इंग्लैंड के दिग्गज माइक ब्रीयरली को पीछे छोड़ दिया। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान और भारत में लगातार तीन विदेशी टेस्ट जीत चुका है—एक ऐसा कारनामा जिसकी गूंज क्रिकेट जगत में लंबे समय तक रहेगी।

### सुबह 30 मिनट में ही लिखी गई हार की पटकथा

भारत ने दिन की शुरुआत 8 विकेट के साथ की, लक्ष्य था बस टिकना। लेकिन, हार्मर ने कुलदीप (5) और जुरेल (2)—दोनों को एक ही ओवर में ढेर कर दिया। कप्तान ऋषभ पंत 15 रन बनाकर स्लिप में कैच दे बैठे। लंच से पहले सुदर्शन, और लंच के बाद वॉशिंगटन सुंदर 16 पर LBW होकर लौटे।

### अफ्रीका ने 25 साल बात जीती सीरीज

साउथ अफ्रीका ने साल 2000 के 25 साल बाद भारत में दूसरी बार सीरीज जीती है। खास बात ये है कि तब भी साउथ अफ्रीक को 2–0 से ही जीत मिली थी। रनों के अंतर के लिहाज से यह भारतीय क्रिकेट टीम को अपने इतिहास की सबसे बड़ी हार मिली है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम को अपनी सबसे बड़ी हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2004 में मिली थी, जब नागपुर टेस्ट में कंगारुओं ने टीम इंडिया को 342 रन के अंतर से हराया था। यह साउथ अफ्रीका के लिए भी उनके क्रिकेट इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत है। एक ही साल में टीम इंडिया दूसरी बार सीरीज में अपने घर में क्लीन स्वीप हो गई है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 3–0 से क्लीन स्वीप कर दिया था। इस हार के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के फाइनल में पहुंचना भी अब नामुमकिन सा हो गया है, क्योंकि उसे फाइनल में पहुंचने के लिए अगले 9 टेस्ट मैच में से कम से कम 8 मैच में जीत हासिल करनी होगी। WTC की पॉइंट्स टेबल में अब भारत 5वें नंबर पर खिसक गया है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स 2030

# अहमदाबाद बनेगा ग्लोबल स्पोर्ट्स का नया बादशाह!

**अहमदाबाद।** दुनिया का अगला बड़ा स्पोर्ट्स मेगा-सेंटर कौन? जवाब है—अहमदाबाद। भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेज़बानी मिलने का एलान बस औपचारिकता भर रह गया है और इस बार कहानी सिर्फ़ गेम्स की नहीं, बल्कि भारत के सुपरपावर बनने की शुरुआत की है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम ने अहमदाबाद को पहले ही दुनिया के नक्शे पर चमका दिया था, लेकिन अब शहर में बनने जा रहा मल्टी-सिटी लेवल स्पोर्ट्स इकोसिस्टम इसे लंदन और पेरिस जैसे ओलंपिक शहरों की कतार में खड़ा नहीं करेगा, बल्कि सीधा आगे ले जाएगा।

रिवरफ्रंट पर 215 एकड़ में तैयार हो रहा सरदार पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव भारत में खेलों के बुनियादी ढांचे की नई परिभाषा लिखेगा। करीब 4600 करोड़ की लागत से बन रहा यह प्रोजेक्ट सिर्फ़ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नहीं, एक मेगा एंटरटेनमेंट ज़ोन होगा— जहाँ इंटरनेशनल स्टेडियम, एरेना, एक्वेटिक्स सेंटर के साथ-साथ गरबा नाइट्स, ओपन कल्चरल इवेंट्स, योग फेस्टिवल जैसे आयोजन मेहमानों को खेल और संस्कृति का अनोखा अनुभव देंगे।

**एक शहर, पूरा स्पोर्ट्स यूनिवर्स**



यूरोप जहां सिर्फ़ स्पोर्ट्स पर फोकस रखता है, अहमदाबाद दुनिया को भारतीय संस्कृति की ऊर्जा, रंग और जोश से रूबरू करवाएगा। इंडोर स्टेडियम, फुटबॉल एरेना, शूटिंग सेंटर, हॉकिंग एरेना सबकुछ एक ही सुपर–ज़ोन में—जो दुनिया के किसी भी शहर के लिए सपना है। इसके अलावा मेट्रो, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और इंटरनेशनल एयरपोर्ट सीधे तौर पर गुजरात के अहमदाबाद शहर की शोभा में चार चांद लगाने जा रहे हैं।

### खिलाड़ियों का 'ड्रीम होम'—कॉमनवेल्थ विलेज

सुगढ़–भाट (136 एकड़) और कराई (143 एकड़) में दो मेगा एथलीट विलेज बनेंगे, जो लग्ज़री और हाई–टेक का परफेक्ट कॉम्बो होंगे। इसके अलावा 3000 से ज्यादा अल्ट्रा–मॉडर्न अपार्टमेंट, स्पोर्ट्स साइंस लैब, रिकवरी सेंटर, जिम, पूल, कम्युनिटी एरिया और 24x7 वेलनेस सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह भारत के खिलाड़ियों के लिए भी नई प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 गेंदों में शतक : उर्विल पटेल का तूफानी धमाका



**हैदराबाद।** सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के पहले ही दिन जिमखाना ग्राउंड पर ऐसा आतिशबाज़ी शो देखने को मिला, जिसकी गूंज सीधे आईपीएल तक जाएगी। गुजरात के कप्तान और सीएसके स्टार उर्विल पटेल ने सिर्फ़ 31 गेंदों में धुआंधार शतक जड़कर गेंदबाजों में हड़कंप मचा दिया। उनकी पारी इतनी विस्फोटक थी कि मैदान हर दो मिनट में एक "बिग हिट अलर्ट" पर गूंजता रहा। 11 चौके और 8 छक्के, यानी कुल 19 बार गेंद हवा में चीखती हुई स्टैंड की ओर उड़ती रही। जब-जब गेंद सीमा रेखा के बाहर जाती, पूरा स्टेडियम दर्शकों के उत्साह से लबरेज हो जाता। पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्विसेज़ ने 182/9 का सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर दिया था। जवाब में गुजरात ने जवाब में ऐसा हमला बोला कि सर्विसेज़ का स्कोर दो ओवर पुराना लगने लगा। ओपनर उर्विल पटेल और आर्य देसाई ने मिलकर 174 रन की विस्फोटक साझेदारी की।

### बीसीए को बड़ी सौगात

# 49.61 करोड़ की सब्सिडी स्वीकृत

**वडोदरा।** गुजरात क्रिकेट को एक बड़ा बूस्ट मिल गया है। बीसीसीआई ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के लंबे समय से लंबित पड़े इंटरनेशनल स्टेडियम प्रोजेक्ट के लिए 49.61 करोड़ + GST की भारी-भरकम सब्सिडी पर हरी झंडी दे दी है। यानी—अब बीसीए स्टेडियम का कायाकल्प तय है। बीसीए की 85वीं AGM में सदस्यों ने सभी प्रस्तावों को बहुमत से मंजूरी दी थी। इसके बाद बीसीए ने बीसीसीआई के पास जरूरी दस्तावेज भेजे—और बोर्ड ने इस बार कोई देरी नहीं की और स्टेडियम डेवलपमेंट के लिए लंबित सब्सिडी अब पूरी तरह रिलीज कर दी गई। यह रकम इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड, हाई-टेक फैसिलिटीज, ऑपरेशनल मॉडर्नाइजेशन और फ्यूचर मैच होस्टिंग तैयारी पर खर्च की जाएगी।



# CR7 को बड़ी राहत, फीफा ने दो मैचों का बैन रोका

### रोनाल्डो अब खेलेंगे वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मुकाबले



**मियामी।** पूरी दुनिया में CR7 के फैंस के लिए जबरदस्त खुशखबरी आ गई है। फीफा ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर लगाए गए 3 मैचों के बैन में से 2 मैचों को सस्पेंड कर दिया है। यानी— रोनाल्डो अब फीफा वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मैचों में धमाल मचा सकेंगे। नवंबर की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ मैच में रोनाल्डो को डारा ओ'शेया को कोहनी मारने पर रेड कार्ड दिखाया गया था— और यह था उनके करियर का पहला इंटरनेशनल रेड कार्ड।

### फीफा का फैसला: "दो मैच रोके जाते हैं, लेकिन एक साल...

फीफा ने बयान में साफ कहा है कि अनुच्छेद 27 के तहत बाकी दो मैचों का बैन एक साल की परिवीक्षा (probation) पर रहेगा। मतलब एक साल तक कोई गंभीर फाउल या फिर गलती दोहराई गई तो दोनों मैचों का बैन तुरंत लागू हो जाएगा। रोनाल्डो एक मैच का बैन वे पहले ही काट चुके हैं, जब पुर्तगाल ने आर्मेनिया को हराकर वर्ल्ड कप टिकट हासिल किया था। 143 इंटरनेशनल गोल के साथ रोनाल्डो पुरुष फुटबॉल के ऑल–टाइम टॉप स्कोरर हैं। अब 40 की उम्र में भी वे अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले अपने छठे वर्ल्ड कप के लिए तैयार हैं, एक ऐसा माइलस्टोन जिसमें शायद ही कोई खिलाड़ी पहुंच सके। वर्ल्ड कप ही एकमात्र बड़ी ट्रॉफी है जो CR7 की कैबिनेट में नहीं, जबकि यूरो 2016 पहले से उनके नाम है।

## बॉलीवुड

# 'कलमकावल' की नई रिलीज डेट का ऐलान



सुपरस्टार ममूटी की मलयालम फिल्म 'कलमकावल' का दर्शक लंबे समय से इंतज़ार कर रहे थे। महीनों से इसकी रिलीज़ तारीख टलती जा रही थी, लेकिन अब आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की नई रिलीज़ डेट का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन जितिन के. जोस ने किया है।

पहले 'कलमकावल' को 27 नवंबर को रिलीज़ करने की योजना थी, लेकिन बाद में इसे पोस्टपोन कर दिया गया। अब ममूटी के प्रोडक्शन हाउस ममूटी कंपनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमें पता है कि आपने लंबा इंतज़ार किया है यह इंतज़ार सार्थक साबित होगा 'कलमकावल', 5 दिसंबर 2025 से दुनियाभर के सिनेमाघरों में। शांत रहें और इसका इंतज़ार करें इस घोषणा के तुरंत बाद फैंस ने राहत और उत्साह दोनों व्यक्त किए।

5 दिसंबर का दिन बॉक्स ऑफिस के लिए बेहद रोचक रहने वाला है, क्योंकि ममूटी की 'कलमकावल' के साथ ही रणवीर सिंह की 'धुरंधर' और नंदमुरी बालकृष्ण की 'अखंड 2' भी उसी दिन रिलीज़ हो रही हैं। ऐसे में तीनों फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी निर्माताओं का दावा है कि 'कलमकावल' में ममूटी को बिल्कुल नए अवतार में देखा जाएगा, जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा।

# 'मायासभा' का धमाकेदार टीजर आया सामने

'तुम्बाड' जैसी कल्ट फिल्म बना चुके निर्देशक अनिल बर्वे अब अपनी नई फिल्म 'मायासभा' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में जावेद जाफरी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कुछ समय पहले निर्माताओं ने इसका मोशन पोस्टर जारी किया था, जिसने लोगों में उत्सुकता बढ़ा दी थी। अब फिल्म का टीज़र भी सामने आ गया है, साथ ही रिलीज़ डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। मेकर्स का कहना है कि 'मायासभा' रहस्य, डर और रोमांच का अनोखा मिश्रण होगी। टीज़र जारी करते हुए कैप्शन में लिखा गया, लंबे समय से दबा सोना अपने दावेदार का इंतज़ार कर रहा है। उसकी कुंजी अब धूम्र-राक्षस के टूटे हुए मन में है। आप उस रसातल में कितनी दूर जाएंगे जिसने उसे जन्म दिया है? वीडियो में कई डरावने और रहस्यमय दृश्य दिखते हैं, जबकि बैकग्राउंड में जावेद जाफरी की गूंजती आवाज़ सुनाई देती है, ₹मैं तुम पर रौब जमाऊंगा।₹ इस झलक ने दर्शकों में फिल्म को लेकर और जिज्ञासा जगा दी है।




टीज़र के साथ यह भी पुष्टि हो गई है कि फिल्म अगले साल 16 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। निर्माताओं के अनुसार, 'मायासभा' दर्शकों को एक ऐसे रहस्यमय संसार में ले जाएगी, जैसा उन्होंने पहले शायद ही कभी देखा हो।

# अर्जुन रामपाल का इंटेंस लुक वीडियो रिलीज

रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। हाल ही में जारी किए गए इसके ट्रेलर को दर्शकों ने भरपूर सराहा, खासकर अर्जुन रामपाल के खतरनाक और प्रभावशाली किरदार ने खूब सुर्खिया बटोरीं। फिल्म में अर्जुन आईएसआई मेजर इकबाल की भूमिका निभा रहे हैं, जिसमें उनकी तीखी निगाहें और खून जमा देने वाला अंदाज़ लोगों का ध्यान खींच रहा है। अब उनके 53वें जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने उनका एक और दमदार लुक टीज़र शेयर किया है।



जारी किए गए टीज़र में अर्जुन रामपाल का वही घातक लुक दिखता है, जो पहले ट्रेलर में नज़र आ चुका है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, तूफ़ान है, तबाही तो लाएगा! जन्मदिन की शुभकामनाएं।₹ हालांकि यह झलक नई नहीं है, लेकिन मेकर्स ने इसे विशेष तौर पर अर्जुन के जन्मदिन पर फिर से पेश किया।

आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस हाई-ऑक्टेन फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, आर. माधवन और अक्षय खन्ना भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे। 'धुरंधर' 5 दिसंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज़ हो रही है, और इसके इर्द-गिर्द उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

# कपिल शर्मा की 'किस किसको प्यार करूं 2' का ट्रेलर रिलीज

कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' लंबे समय से चर्चा में थी। अब निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसने दर्शकों में उत्साह और बढ़ा दिया है। 2015 में आई पहली फिल्म ने खूब प्यार बटोरा था, और अब कपिल एक बार फिर अपनी दुल्हनियों की टोली के साथ वापसी कर रहे हैं। इस सिक्वल का निर्देशन अनुकल्प गोस्वामी ने किया है। 2 मिनट 57 सेकंड लंबे ट्रेलर में दिवंगत अभिनेता असरानी की झलक भी दिखाई देती है। फिल्म की कहानी इस बार भी कपिल के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक साथ चार लड़कियों के प्यार में फंसकर उनसे बचते-बचाते अपने रिश्तों को संभालने की कोशिश करते नज़र आते हैं। इन चार लड़कियों का किरदार निभा रही हैं, हीरा वरीना, त्रिधा चौधरी, पारुल गुलाटी और आयशा खान। मनजोत सिंह और सुशांत सिंह भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शामिल हैं।

**12 दिसंबर 2025 को रिलीज़ होगी फिल्म**

कपिल शर्मा की यह कॉमेडी–ड्रामा फिल्म 12 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है। ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों को उम्मीद है कि फिल्म एक बार फिर हंसी से भरी एंटरटेनमेंट की डोज़ पेश करेगी।



### भारत में लड़ाकू विमान इंजन निर्माण को मिलेगी नई गति

# 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को सफ्रान सहमत

**एजेंसी । हैदराबाद/नई दिल्ली**

भारत की उन्नत रक्षा क्षमताओं को निर्णायक बढ़त दिलाते हुए फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी सफ्रान (Safran) ने लड़ाकू विमानों के लिए इंजन निर्माण की 100% टेक्नोलॉजी भारत को हस्तांतरित करने की घोषणा की है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यदि भारतीय वायुसेना राफेल के लिए अतिरिक्त ऑर्डर प्रदान करती है, तो वह भारत में राफेल इंजन और महत्वपूर्ण कलपुर्जों की 'फाइनल असेंबली लाइन' (FAL) स्थापित करने के लिए भी तैयार है। यह घोषणा सफ्रान के सीईओ ओलिवियर एंड्रीस ने हैदराबाद में अपने नए लीप इंजन एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर की।



## जेट इंजन निर्माण में भारत की बड़ी छलांग

वर्तमान में भारतीय वायुसेना के अधिकांश विमानों में उपयोग किए जाने वाले इंजन विदेशी हैं। इंजन किसी भी लड़ाकू विमान की कुल लागत का बड़ा हिस्सा होते हैं। स्वदेशी उत्पादन शुरू होने पर भारत की आयात निर्भरता कम होगी, रखरखाव लागत घटेगी, निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी और उन्नत स्टेल्थ तकनीक में आत्मनिर्भरता मिलेगी। सफ्रान का लक्ष्य है कि 2030 तक भारत से अपनी वार्षिक आय तीन अरब यूरो से अधिक तक बढ़ाई जाए।

## पहली बार राफेल इंजनों की असेंबली संभव

सीईओ एंड्रीस ने कहा, "अगर भारतीय वायुसेना राफेल के लिए अतिरिक्त ऑर्डर देती है, तो हम भारत में राफेल जेट के प्रमुख उपकरणों की अंतिम असेंबली लाइन स्थापित करेंगे। यह फ्रांस के बाहर पहला ऐसा केंद्र होगा।" सफ्रान पिछले 70 वर्षों से भारत में मौजूद है और राफेल विमानों के लिए इंजन, लैंडिंग गियर, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, ऑक्सीजन प्रणाली और इजेक्टेबल सीट सहित कई अहम तकनीकी घटक उपलब्ध कराता है। हैदराबाद में शुरू किया गया नया एमआरओ केंद्र लगभग 5,000 वर्ग मीटर में फैला है, जिस पर चार करोड़ यूरो से अधिक का निवेश किया गया है। यहां प्रति वर्ष 600 इंजन मॉड्यूल सर्विस किए जाएंगे तथा पूर्ण क्षमता पर यह 150 लोगों को रोजगार देगा।

## AMCA : पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर

AMCA एक दो-इंजन वाला एडवांस स्टेल्थ फाइटर होगा, जिसमें 120–140 किलोन्यूटन की शक्ति वाले इंजन का उपयोग किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में HAL, BEL, टाटा ग्रुप, लार्सन एंड टुब्रो, अडानी डिफेंस जैसी प्रमुख भारतीय कंपनियां भी रुचि दिखा रही हैं। सरकार जल्द ही DRDO की GTRE (Gas Turbine Research Establishment) और सफ्रान के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने की औपचारिक घोषणा कर सकती है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 7 अरब डॉलर (लगभग 90 हजार करोड़ रुपये) के आसपास होगी।

## 'हॉट सेक्शन' तकनीक भी भारत को मिलेगी

सफ्रान ने भारत के साथ मिलकर नए फाइटर जेट इंजन के निर्माण पर भी सहमति जताई है, जो भारत के महत्वाकांक्षी AMCA (Advanced Medium Combat Aircraft) प्रोजेक्ट के लिए महत्वपूर्ण है। सबसे अहम बात यह है कि कंपनी इंजन के हॉट सेक्शन, यानी वह हिस्सा जो पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ विमान की क्षमताओं का आधार होता है, उसकी तकनीक भी भारत को हस्तांतरित करेगी। एंड्रीस के शब्दों में— "यह पूर्ण टेक्नोलॉजी ट्रांसफर है। ऐसा ऑफर किसी अन्य देश ने भारत को नहीं दिया।"

## भारत ने दिया 26 नये राफेल एम का ऑर्डर

हाल ही में भारत ने 26 राफेल-M (नौसैनिक संस्करण) का ऑर्डर दिया है। वर्तमान में वायुसेना के पास 36 राफेल और 47 मिराज-2000 लड़ाकू विमान हैं। बुधवार को हैदराबाद में राफेल के M88 इंजन के लिए नए समर्पित एमआरओ संयंत्र का भूमि पूजन भी किया गया, जहां भारतीय वायुसेना के लिए इंजन रखरखाव मुख्य प्राथमिकता होगी। गौरतलब है कि जेट इंजन निर्माण के क्षेत्र में भारत अभी भी वह मुकाम हासिल नहीं कर पाया, जो अन्य देशोंका है। इसी वजह से उसके तेजस के अपग्रेडेड वर्जन के निर्माण में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

# 1.19 करोड़ के इनामी 41 माओवादियों का सरेंडर




**एजेंसी । बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली है। जिले में सक्रिय 41 माओवादियों ने मंगलवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। आत्मसमर्पण करने वालों पर कुल 1 करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था। समर्पित माओवादियों में साउथ सब जोनल ब्यूरो के 39 सदस्य, जबकि शेष तेलंगाना स्टेट कमेटी और धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन से जुड़े हैं। इनमें 12 महिला और 29 पुरुष कैडर शामिल हैं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति 'पूना मारगेम' माओवादियों को हिंसा छोड़कर शांति के रास्ते पर लौटने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने बताया कि "परिजन भी चाहते हैं कि उनके परिजन हथियार छोड़कर सम्मानजनक जीवन जिएं।

### नक्सल उन्मूलन के खिलाफ बीजापुर में मिली बड़ी सफलता

## नौ संगठनों के प्रतिनिधि शामिल

सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में पीएलजीए बटालियन-01 के 5 सदस्य, एसीएम-03, 11 प्लाटून/एरिया कमेटी सदस्य, 2 पीएलजीए सदस्य, 4 मिलिशिया प्लाटून कमांडर, 1 डिप्टी कमांडर, 6 सदस्य, और जनताना सरकार व विभिन्न संगठनों के 9 प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रशासन का दावा है कि संवाद, विकास और शांति आधारित नीति के चलते क्षेत्र में नक्सल गतिविधियां लगातार कमजोर पड़ रही हैं।

## मुठभेड़ में 144 हुए ढेर

अभियान में हाल के महीनों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 1 जनवरी 2025 से अब तक बीजापुर में 528 माओवादी गिरफ्तार, 560 ने आत्मसमर्पण, जबकि 144 मुठभेड़ों में मारे गए हैं। वहीं 2024 से अब तक पूरे क्षेत्र में 790 माओवादी मुख्यधारा में लौटे, 1031 गिरफ्तार हुए, और 202 मुठभेड़ों में ढेर हुए हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ट्रंप के प्रस्ताव पर यूक्रेन सहमत, रूस का इंतजार

**वाशिंगटन।** रूस–यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यूक्रेन सरकार ने ट्रंप के प्रस्तावित शांति समझौते के मसौदे को मंजूरी दे दी है। प्रारंभिक दौर में उठे कुछ आपसी मतभेद भी सुलझा लिए गए हैं। अब निगाहें रूस की स्वीकृति पर टिकी हैं और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों और यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रुस्तम उमरोव ने पुष्टि की है कि प्रस्ताव पर व्यापक सहमति बन चुकी है। उमरोव ने संकेत दिया कि राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की नवंबर के अंत तक अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं, जहां अंतिम दौर की वार्ताएं पूरी होने की उम्मीद है। उधर, अमेरिकी रक्षा सचिव डैन ड्रिस्कॉल ने अबू धाबी में रूसी अधिकारियों से महत्वपूर्ण बैठक की है।

### रेलवे टेंडर और लैंड फॉर जॉब केस में CBI को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने रेलवे टेंडर घोटाले और लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मामलों में राबड़ी देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि एजेंसी अगली तारीख से पहले अपना पक्ष दर्ज कराए। मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर को होगी। राबड़ी देवी ने अदालत में अर्जी दायर कर मांग की है कि उनके और उनके परिवार के सदस्यों के विरुद्ध लंबित मामलों को वर्तमान जज विशाल गोगने से हटाकर किसी अन्य न्यायाधीश के पास भेजा जाए। उन्होंने आरोप लगाया है कि जज गोगने कथित रूप से उनके प्रति पक्षपाती रवैया अपना रहे हैं और सुनवाई को "पूर्वनियत" तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं।

### लेखिका निताशा कौल की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ब्रिटिश-भारतीय लेखक और प्रोफेसर निताशा कौल की भारत में प्रवेश रोकने और उनका ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) दर्जा निरस्त करने के केंद्र सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी 2026 को होगी। निताशा कौल यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टमिंस्टर में प्रोफेसर हैं और कश्मीर, राष्ट्रवाद व हिन्दुत्व पर अपने लेखन के लिए जानी जाती हैं।

# बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

### खराब मौसम के मद्देनज़र श्रीलंका सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी । कोलंबो**

श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने खराब मौसम की चेतावनी को देखते हुए बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने की सभी गतिविधियों पर अगली सूचना तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। विभाग की ओर से बताया गया कि यह कदम मछुआरों की सुरक्षा और समुद्री जोखिमों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, विभाग ने समुद्र में मौजूद सभी मछली पकड़ने वाली नावों और ट्रॉलरों को तुरंत सुरक्षित तट पर लौटने का आदेश दिया है।



### कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है खतरनाक

श्रीलंकाई मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि 25 नवंबर की आधी रात से बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक कम दबाव वाला क्षेत्र सक्रिय है। पूर्वानुमान के अनुसार, यह सिस्टम अगले 30 घंटों के भीतर डिप्रेशन में तब्दील हो सकता है, जिससे समुद्र में तेज़ हवाओं और भारी बारिश की आशंका बढ़ जाएगी।

### 61 किमी प्रति किमी हवा चलने की आशंका

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे कम दबाव वाले क्षेत्रों से बनने वाला डिप्रेशन बाद में चक्रवात का रूप ले सकता है। चक्रवात के दौरान हवा की रफ्तार 31 से 61 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जो समुद्री क्षेत्रों में खतरनाक परिस्थितियां पैदा कर सकती है। सरकार ने सभी तटीय समुदायों से सतर्क रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## नेपाल में विदेशी छात्रों की गतिविधियों पर बढ़ी निगरानी

**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल सरकार ने अध्ययन वीजा के दुरुपयोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए विदेशी छात्रों पर निगरानी कड़ी कर दी है। आव्रजन विभाग ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश दिया है कि वीजा अवधि पूरी होने के बाद नेपाल में रुके विदेशी नागरिकों पर विशेष ध्यान दें। आव्रजन विभाग के निदेशक टिकाराम ढकाल के अनुसार, कुछ विदेशी छात्र नियमित कक्षाओं में उपस्थित नहीं होते, वीजा बढ़ाने के लिए जाली दस्तावेज जमा करते हैं और कोर्स पूरा होने पर प्रमाणपत्र भी नहीं देते। कई मामलों में अध्ययन वीजा लेकर आए व्यक्तियों के अवैध गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी भी सामने आई है। विभाग ने संस्थानों से ऐसे व्यक्तियों के लिए वीजा अनुशंसा न करने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस और स्थानीय निकायों को तुरंत उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही शिक्षा मंत्रालय और सभी 77 जिलों की निगरानी समितियों को भी विदेशी छात्रों पर नजर बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।




# हलाल मीट परोसने की शिकायत पर NHRC सख्त



### रेलवे बोर्ड से दो सप्ताह में जवाब तलब

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय रेल में केवल हलाल प्रमाणित मांस परोसे जाने की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि रेलवे में केवल हलाल मीट परोसे जाने की व्यवस्था हिंदू अनुसूचित जाति समुदायों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, क्योंकि ये समुदाय पारंपरिक रूप से मांस कारोबार से जुड़े हैं। साथ ही, हिंदू और सिख यात्रियों को उनके धार्मिक विश्वासों के अनुरूप भोजन विकल्प न मिलना धार्मिक स्वतंत्रता और पसंद के अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मौजूदा व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19(1)(जी), 21 और 25 के तहत समानता, गैर-भेदभाव, पेशे की स्वतंत्रता, गरिमा के साथ जीवन और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों के खिलाफ है।

### मानवाधिकारों का किया जा रहा हनन

आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया मानवाधिकारों का हनन माना। उनका कहना है कि एक सरकारी संस्था होने के नाते रेलवे को संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना के अनुरूप सभी यात्रियों की आस्था और भोजन चुनने के अधिकार का सम्मान करना चाहिए। NHRC ने मामले में त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता बताते हुए रेलवे से जवाब मांगा है।

# ट्रक-स्कॉर्पियो भिड़ंत में दो सैन्य जवानों समेत पांच की मौत

**एजेंसी । रायपुर**

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में नेशनल हाईवे-49 पर देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो सैन्य जवानों सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ग्राम सुकली के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे।

### बारात से लौट रहे थे स्कार्पियों सवार सभी लोग



### दो सैन्य जवान भी शामिल

मृतकों में सेना के दो जवान—राजेंद्र कश्यप (27) और पोमेश्वर जलतारे (33)—भी शामिल हैं। अन्य मृतकों की पहचान विश्वनाथ देवागन (43), भूपेंद्र साहू (40) और कमलनयन साहू (22) के रूप में हुई है। सभी नवागढ़ के शांति नगर, सड़क पारा क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। घायल यात्रियों को पहले स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच प्रारंभ कर दी है।

## दिल्ली धमाका : अल-फलाह यूनिवर्सिटी का वार्ड ब्वाय गिरफ्तार

### लालकिला धमाके मामले में बड़ी कार्रवाई, आतंकी उमर नबी का साथी है आरोपी




**एजेंसी । फरीदाबाद**

दिल्ली के लालकिला बम धमाके की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आतंकवादी डॉ. उमर नबी के करीबी सहयोगी शोएब को फरीदाबाद के गांव धौज से गिरफ्तार किया गया। शोएब हरियाणा की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में वार्ड बॉय के पद पर कार्यरत था।

### विस्फोटक पहुंचाने में की थी मदद

एनआईए के अनुसार, शोएब ने उमर नबी को विस्फोटक सामग्री लाने और ले जाने में मदद की थी। इसके अलावा, उसने नूंह में अपनी साली अफसाना के घर में उमर के लिए कमरा किराए पर दिलवाया था, जिसमें वह धमाके से पहले 10 दिन तक ठहरा। यह इस मामले में सातवीं गिरफ्तारी है। जांच के अगले चरण में एनआईए डॉ. आदिल अहमद और डॉ. शाहीन सईद को भी अल-फलाह यूनिवर्सिटी से हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी।

## शेख हसीना के लॉकर में मिला 9.7 किलो सोना



**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 द्वारा मौत की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी क्रम में अंतरिम सरकार के निर्देश पर नेशनल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (NBR) के सेंट्रल इंटेलिजेंस सेल ने मोतीझील स्थित अग्रणी बैंक की मुख्य शाखा में हसीना के नाम से संचालित दो बैंक लॉकरों की तलाशी ली। अधिकारियों के अनुसार, लॉकर नंबर 751 और 753 को नियमानुसार खोला गया, जिनसे कुल 832.51 भोरी सोना, यानी लगभग 9.704 किलोग्राम स्वर्ण आभूषण बरामद हुए। साथ ही देश-विदेश से मिले कई सम्मान, ट्रॉफियां और उपहार भी मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को ही हसीना के नाम दर्ज एक अन्य लॉकर को पुबाली बैंक में भी खोला गया।

- दो बैंक लॉकर से कई सम्मान और विदेशी उपहार भी मिले
- अंतरिम सरकार ने तेज की संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई

### जांच और जब्ती प्रक्रिया जारी रहेगी

बांग्लादेश में सोने को 'भोरी' नामक पारंपरिक इकाई में तौला जाता है। एक भोरी लगभग 11.664 ग्राम के बराबर होती है। यह इकाई भारत और नेपाल सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में आभूषणों की माप और मूल्य निर्धारण में व्यापक रूप से इस्तेमाल होती है। सरकारी एजेंसियों का कहना है कि आगामी दिनों में हसीना की शेष संपत्तियों की जांच और जब्ती की प्रक्रिया जारी रहेगी।

### मणिपुर › कई जिलों में सुरक्षाबलों का बड़ा सर्च आपरेशन

# तीन जिलों से हथियारों का जखीरा बरामद

**एजेंसी । इंफाल**

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के भीतर सर्च ऑपरेशन चलाकर चुराचांदपुर, कांगपोकपी और इंफाल पश्चिम जिलों से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। अभियान के दौरान एक उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया गया है। गेलमोल गांव में तलाशी के दौरान जवानों ने करीब 40 किलो विस्फोटक से लैस एक लॉन्ग-रेंज रॉकेट, रॉकेट लॉन्चिंग स्टैंड, बैटरी पीस और रेत से भरी पांच बोरियां जब्त कीं। अधिकारियों के अनुसार यह सामग्री बड़े हमले की तैयारी में इस्तेमाल हो सकती थी।




### कांगपोकपी में हथियारों का बड़ा भंडार

गेलबुंग जंगल से सुरक्षा बलों ने एक सीएमजी कार्बाइन, .303 रायफल, दो पिस्टल, नौ देशी रायफलें, एक ग्रेनेड, 46 जिंदा कारतूस, 80 खाली खोखे, डेटोनेटर, पीईके विस्फोटक, पम्पी गन, हैंडसेट और सैन्य उपयोगी सामान बरामद किया। कांगचुप थाना क्षेत्र के सोंगलुंग गांव में चलाए गए ऑपरेशन में एक हेकर एंड कोच जी-3 रायफल, दो बोल्ट-एक्शन रायफलें, चार पुल मैकेनिज्म रायफलें, एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, ग्रेनेड, डेटोनेटर और एक हैंडहेल्ड रेडियो सेट मिला।

### केसीपी का एक कैडर उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई थाना क्षेत्र से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक कैडर रोनाल्डो थौडम उर्फ लामजिंग्बा (23) को गिरफ्तार किया गया है। वह हाओरेबी मयाई लाइकै का निवासी बताया गया है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि लगातार सर्च ऑपरेशन मणिपुर में अवैध हथियारों और उग्रवादी गतिविधियों पर लगाम लगाने में मददगार साबित हो रहे हैं।